page 1_Layout 1 06-09-2026 21:06 Page 1

डेली आवाज भारती

बुलंद भारत की बुलंद आवाज़

# आवाज भारती

» बरनाला, मोहाली, चंडीगढ़ » सोमवार, 7 सितंबर 2026 » वर्ष : 01 अंक :135 » मूल्य : 3 रू. » RNI NO. : PBHIN/26/A2687 » स्थानीय संपादक : हेमंत मित्तल



## 'खेडां वतन पंजाब दियां' के चौथे सीज़न का आगाज

# बठिंडा से शुरू हुईं 'खेडां वतन पंजाब दियां' की समाप्ति 29 नवंबर को पटियाला में होगी : भगवंत सिंह मान

### 14 से 70 साल के 10 लाख खिलाड़ी दिखाएंगे दम, तीन-तीन पीढ़ियां लेंगी हिस्सा, इस खेल महाकुंभ में 39 खेलों के साथ-साथ 4 पैरा खेल भी होंगे- भगवंत सिंह मान






**डेली आवाज भारती**

**बठिंडा,राहुल गोयल/सुकून महाजन :** पंजाब के गाँवों और शहरों में खेलों को प्रोत्साहित करने के प्रयास के साथ आज बठिंडा से 'खेडां वतन पंजाब दियां-2026' के चौथे सीज़न का आगाज हुआ। इसके उद्घाटन के अवसर पर मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने पंजाब की खेल प्रतिभा को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ले जाने का विशाल दृष्टिकोण प्रस्तुत किया। यह चौथा सीज़न 14 से 70 साल से अधिक उम्र के लगभग 10 लाख खिलाड़ियों को 39 खेल प्रतियोगिताओं और चार पैरा-खेल खेलने के लिए खेल मैदान में उतारेगा। ये खेल पीढ़ियों को जोड़ेंगे और प्रदेश भर के गाँवों और शहरों की खेल प्रतिभा को निखारेंगे। ये खेल 29 नवंबर को पटियाला में समाप्त होंगे, जिनमें विजेताओं के लिए 12.50 करोड़ रुपये के नकद इनाम रखे गए हैं, जिसमें पहली बार वेटरन खिलाड़ियों के लिए भी नकद इनाम शामिल हैं। इस अवसर पर मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने राष्ट्रमंडल खेल-2026 की रजत पदक विजेता हरजिंदर कौर और लवप्रीत सिंह को 50-50 लाख रुपये से सम्मानित किया। इससे प्रदेश सरकार की मजबूत खेल ढाँचा निर्माण और पंजाब के नौजवानों को आगे बढ़ने के अवसर प्रदान करने की प्रतिबद्धता को फिर से दोहराया गया। 'खेडां वतन पंजाब दियां-2026' के चौथे सीज़न की शुरुआत शहीद भगत सिंह स्टेडियम, बठिंडा में बड़े उत्साह और धूमधाम से हुई, जिसमें पंजाब की समृद्ध खेल और सांस्कृतिक भावना का जश्न मनाया गया। उद्घाटन समारोह में भांगड़ा और गिद्धा सहित रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ शामिल थीं, जिन्होंने प्रदेश की समृद्ध पृष्ठभूमि और खेलों से इसकी गहरी साँझ का प्रदर्शन किया। प्रसिद्ध पंजाबी गायक गुरदास मान और कुलविंदर बिल्ला ने भी समारोह में अपनी गायकी से रंग बिखेरा, जिससे इस महान खेल कुंभ की शान और खुशी का माहौल और यादगार बन गया। इस जश्न का एक यादगार पल उस समय भी देखने को मिला, जब मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान और गायक गुरदास मान ने संयुक्त रूप से आसमान में रंग-बिरंगे गुब्बारे छोड़कर चौथे सीज़न की औपचारिक शुरुआत की। इस समारोह ने पंजाब के खेल जज़्बे, सांस्कृतिक विरासत और नौजवानों की असीम ऊर्जा को रंगारंग जश्न में पिरो दिया।

इस समारोह की कुछ झलकियाँ साझा करते हुए मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने एक्स पर लिखा- आज 'खेडां वतन पंजाब दियां-2026' के चौथे सीज़न का बठिंडा के शहीद भगत सिंह स्टेडियम में शानदार आगाज किया गया। इस साल 39 खेलों में लगभग 10 लाख खिलाड़ियों को खेल मैदानों में लाने का लक्ष्य है। विजेताओं के लिए 12.50 करोड़ की इनामी राशि रखी गई है, और पहली बार वेटरन खिलाड़ियों को भी नकद इनाम मिलेंगे। आज इसी मंच से राष्ट्रमंडल खेल-2026 की पदक विजेता हरजिंदर कौर और लवप्रीत सिंह को 50-50 लाख रुपये की इनामी राशि से सम्मानित किया गया। पंजाब के नौजवानों को नशों से दूर करके खेलों से जोड़ने और प्रदेश को खेलों में फिर से नंबर एक बनाने की हमारी मुहिम निरंतर जारी है। इनकलाब जिंदाबाद। शहीद भगत सिंह स्टेडियम में खेलों की औपचारिक शुरुआत की घोषणा करते हुए मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने कहा, ÷हम अपनी बहादुरी, उद्यम और खेल भावना के लिए जाने जाते हैं, जिसके कारण हमने हमेशा हर क्षेत्र में सफलता हासिल की हैं। इन खेलों का उद्देश्य इस भावना को सही दिशा देना और हमारे नौजवानों को खेलों में नाम रोशन करने के लिए मंच प्रदान करना है। मुख्यमंत्री ने कहा कि %खेडां वतन पंजाब दियां% का चौथा सीज़न आज बठिंडा से शुरू हुआ है, जबकि 12 अगस्त को संगरूर से शुरू हुई खेल मशाल भी बठिंडा पहुँच गई है। उन्होंने आगे कहा, इस साल प्रदेश भर के लगभग 10 लाख खिलाड़ियों को शामिल करने का लक्ष्य है ताकि नौजवानों की असीम ऊर्जा को खेलों और अन्य सकारात्मक गतिविधियों की ओर लगाया जा सके। खेलों में 14 साल से लेकर 70 साल से अधिक उम्र के 9 आयु वर्गों के खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। उन्होंने बताया कि इस साल कुल 39 खेलों की प्रतियोगिताएँ करवाई जाएँगी और एथलेटिक्स, पावरलिफ्टिंग, बैडमिंटन और व्हीलचेयर बास्केटबॉल सहित चार पैरा-खेल शामिल हैं। ÷पहली बार लड़कों और लड़कियों के लिए टेनिस-बॉल क्रिकेट को प्रदर्शनी खेल के रूप में शामिल किया गया है। खेल 29 नवंबर को पटियाला में समाप्त होंगे। मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने कहा, 'खेडां वतन पंजाब दियां' पंजाब के गाँवों और शहरों के कोने-कोने से छिपी खेल प्रतिभा की पहचान करने, उसे उभारने और निखारने का सबसे अच्छा मंच है।÷ उन्होंने साथ ही कहा कि प्रदेश सरकार बच्चों को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं के लिए तैयार करने के लिए प्रतिबद्ध है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि इन खेलों की एक खास बात यह है कि यह विभिन्न पीढ़ियों को जोड़ती है। उन्होंने बताया कि पिछले सीज़नों में एक ही परिवार की तीन पीढ़ियाँ - दादा, बेटा और पोता - ने एक साथ हिस्सा लिया था। उन्होंने कहा, 'युद्ध नशों विरुद्ध' अभियान में खेल हमारा सबसे मजबूत और प्रभावी हथियार हैं।

### सरदार सुखबीर सिंह बादल ने भ्रष्टाचार के मामले में आम आदमी पार्टी और भगवंत मान को घेरते हुए कहा-

# मुख्यमंत्री आवास भ्रष्टाचार का अडडा बन गया है, जहां बलात्कारी और गैंगस्टर करते हैं राज

**डेली आवाज भारती**

**बस्सी पठाना /चंडीगढ़ :** शिरोमणी अकाली दल के अध्यक्ष सरदार सुखबीर सिंह बादल ने आज कहा है कि मुख्यमंत्री भगवंत मान का आवास भ्रष्टाचार का अडडा बन गया , जहां करोड़ों रूपये लेकर बलात्कारियों और गैंगस्टरों का बचाव किया जा रहा, जबकि पंजाबी इससे बेहद परेशान हैं। शिरोमणी अकाली दल के पंजाब बचाओ अभियान के तहत यहां आयोजित एक पार्टी के एक विशाल सम्मेलन को संबोधित करते हुए सरदार सुखबीर सिंह बादल ने कहा,'' मुख्यमंत्री और उनकी पत्नी



गुरप्रीत कौर मान दोनों ने पंजाब की दो महिलाओं की इज्जत 5 करोड़ रूपये में नीलाम करने जैसी घटिया हरकत की है।'' उन्होने दावा किया कि मुख्यमंत्री और उनकी पत्नी दोनों पर एक मीडिया इन्फ्लुएंसर को रिहा कराने में शामिल थे , जिस पर दो महिलाओं के साथ बलात्कार करने का आरोप लगाया गया था। सरदार बादल ने कहा,''सबसे पहले इन्फ्लुएंसर गुरी चहल द्वारा प्रताड़ित की गई पांच महिलाएं मुख्यमंत्री से मिली। मुख्यमंत्री ने उन्हें न्याय नही दिलाया। जब दो महिलाओं ने अमृतसर और मोहाली में गुरी चहल के खिलाफ बलात्कार का मामला दर्ज कराया, तो मुख्यमंत्री की पत्नी हरकत में आ गई और आरोपियों से बातचीत शुरू कर दी। बात यहीं खत्म नही होती, मुख्यमंत्री ने अमृतसर और मोहाली के पुलिस प्रमुखों को गुरप्रीत सिंह भुल्लर और हरमनदीप हंस को अपने आवास पर बुलाया और उन्हें बलात्कार के आरोपी के खिलाफ मामले को कमजोर करने के लिए कहा। इसी कारण गुरी चहल को दो महीने के भीतर जेल से रिहा कर दिया गया।'' सरदार बादल ने कहा कि शिरोमणी अकाली दल पीड़ित महिलाओं को न्याय दिलाएगा और पुलिस अधिकारियों सहित सभी आरोपियों को सजा दिलाएगा । उन्होने कहा,'' मामला पहले से ही सुलझ रहा है कि मोहाली की एक अदालत में पेश हुई एक महिला ने बताया कि मामले में रदद करने की रिपोर्ट दर्ज करने से पहले उसे पुलिस ने नही बुलाया था। उन्होने दावा किया,'' पुलिस ने अमृतसर पीड़िता के मामले में भी ऐसा ही किया है।''

# जीरा में सीएम मान को काले झंडे दिखाने के लिए सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने राजा वडिंग की अगुवाई में किया मार्च

### पुलिस की बर्बरता का शिकार हुए मोहनजीत के समर्थन में किया गया प्रदर्शन

**डेली आवाज भारती**

**जीरा (फिरोजपुर),** पंजाब कांग्रेस अध्यक्ष अमरिंदर सिंह राजा वड़िंग ने आज पूर्व विधायक कुलबीर जीरा समेत सैकड़ों पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ मुख्यमंत्री भगवंत मान की ओर काले झंडे लेकर मार्च किया। कार्यकर्ताओं ने अपनी पगड़ियों पर काली पट्टियां बांध रखी थीं। यह प्रदर्शन मोहनजीत शेरों के साथ एकजुटता व्यक्त करने के लिए किया गया, जिन्हें कुछ दिन पहले इसी तरह के प्रदर्शन के लिए पुलिस की बर्बरता का सामना करना पड़ा था। मुख्यमंत्री और पंजाब पुलिस के



खिलाफ नारे लगाते हुए वड़िंग और कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने उस कार्यक्रम स्थल की ओर मार्च करने का प्रयास किया, जहां मुख्यमंत्री भगवंत मान एक गैंगस्टर को आम आदमी पार्टी में शामिल करने वाले थे। वड़िंग ने कहा कि कल मोहनजीत से मुलाकात के बाद उन्होंने घोषणा की थी कि अब से मुख्यमंत्री जहां भी जाएंगे, कांग्रेस कार्यकर्ता उन्हें हर जगह काले झंडे दिखाकर विरोध करेंगे। उन्होंने कहा कि आज इन विरोध प्रदर्शनों का पहला दिन था और उन्होंने स्वयं इसका नेतृत्व करने का फैसला किया। मुख्यमंत्री के कार्यक्रम की जगह तक कांग्रेस कार्यकर्ताओं को पहुंचने से रोकने के लिए पुलिस ने रास्ते में बैरिकेड लगाए थे और सैकड़ों पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया था। पीपीसीसी अध्यक्ष ने कहा कि भगवंत मान सभी लोकतांत्रिक सिद्धांतों को भूल चुके हैं और यही वजह है कि उनकी पुलिस ने एक युवा द्वारा किए गए शांतिपूर्ण और सांकेतिक विरोध पर बर्बरता की।

# कोयले की भारी राष्ट्रीय कमी के कारण पंजाब में बिजली संकट गंभीर, उत्पादन 1,500 मेगावाट हुआ कम : तरुणप्रीत सिंह सोंध

- देश भर में कोयले की कमी के कारण 63 जी.डब्ल्यू बिजली आपूर्ति प्रभावित, कई थर्मल प्लांट आधी क्षमता पर चलने को हुए मजबूर: तरुणप्रीत सिंह सोंध

**डेली आवाज भारती**

**चंडीगढ़/सुकून महाजन:** बिजली मंत्री तरुणप्रीत सिंह सोंध ने बताया कि राष्ट्रीय स्तर पर कोयले की भारी कमी के कारण पंजाब भर में बिजली संकट और गंभीर हो गया है, जिससे राज्य में बिजली उत्पादन 1,500 मेगावाट तक घट गया है और बड़े थर्मल प्लांट कम क्षमता पर चलाने



के लिए मजबूर हो रहे हैं। उन्होंने बताया कि कोयले की कमी के कारण देश भर में 63 GW बिजली आपूर्ति प्रभावित हुई है, जबकि केंद्र द्वारा कोयले की कम की गई आपूर्ति ने राजपुरा और तलवंडी साबो थर्मल प्लांटों को प्रभावित किया है, जिससे पंजाब के बिजली प्रबंधन पर और बुरा असर पड़ा है। बिजली मंत्री ने मांग की है कि केंद्र सरकार कोयले की कमी को दूर करने और लोगों तथा उद्योगों को बिना रुकावट बिजली आपूर्ति सुनिश्चित बनाने के लिए तुरंत ठोस कदम उठाए। एक वीडियो संदेश में बिजली मंत्री तरुणप्रीत सिंह सोंध ने कहा, ÷देश में कोयले की भारी कमी के कारण पंजाब में बिजली उत्पादन में लगभग 1,500 मेगावाट की गिरावट आई है। पिछले दो-तीन दिनों से राज्य में बिजली की कमी का सामना करना पड़ रहा है, जिस कारण मजबूरीवश घरेलू और औद्योगिक क्षेत्रों में बिजली कटौती की जा रही है। बजली मंत्री ने कहा कि मौजूदा बिजली संकट के पीछे सबसे बड़ा कारण देश भर में कोयले की भारी कमी है। उन्होंने आगे कहा, ÷यह समस्या सिर्फ पंजाब तक ही सीमित नहीं है, क्योंकि कोयले की कमी के कारण देश भर में लगभग 63 GW बिजली आपूर्ति प्रभावित हुई है।

# दिल्ली में इमारत गिरी: 3 की मौत, छह का रेस्क्यू, मौके पर पहुंचीं मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता

**डेली आवाज भारती**

**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली के सत्य निकेतन इलाके में गिरी कई मंजिला इमारतों से 3 की मौत हो गई और छह लोगों को अब तक बचाया जा चुका है। वहीं, मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने मौके पर पहुंचकर घटना का जायजा लिया। मुख्यमंत्री ने घटनास्थल पर मौजूद अधिकारियों ने घटना और रेस्क्यू किए गए लोगों की रिपोर्ट ली। दिल्ली पुलिस ने बताया कि यह इमारत 40-50 साल पुरानी थी, जिसमें एक बेसमेंट और पांच ऊपरी मंजिलें थीं और इसका इस्तेमाल पीजी (पेइंग गेस्ट) के तौर पर किया जा रहा था। घटना के समय बेसमेंट में मरम्मत



का काम चल रहा था। मलबे से एक निवासी को निकालकर एम्स के ट्रॉमा डिपार्टमेंट ले जाया गया, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। एनएसयूआई के नेशनल प्रेसिडेंट विनोद जाखड़ ने आईएएनएस को बताया कि घटना के बारे में पता चलने के बाद हम तुरंत उस जगह पहुंचे... हो सकता है कि हमारा कोई एनएसयूआई सदस्य भी वहां फंसा हो। हमने खुद तीन लोगों को बाहर निकाला। इस बीच, दिल्ली यूनिवर्सिटी के एक स्टूडेंट ने इस घटना के बारे में बताया। उसने बताया कि दोपहर का खाना खाने के तुरंत बाद हमें लगा कि इलाके में भूकंप आया है। हम चौथी मंजिल पर थे और महसूस कर सकते थे कि उस समय पूरी बिल्डिंग हिल रही थी। हम बालकनी में आए तो देखा कि चारों तरफ धूल ही धूल थी। फिर भी, हमें लगा कि यह भूकंप का असर है। नीचे आने के बाद ही हमें पता चला कि एक इमारत गिर गई है। पुलिस या फायर ब्रिगेड के पहुंचने से पहले ही, मैंने और कुछ अन्य लोगों ने मलबे से एक व्यक्ति को बाहर निकाला। उन्होंने आगे कहा कि इलाके में अफरातफरी मची हुई है। हमारे माता-पिता लगातार फोन कर रहे हैं। मुझे नहीं लगता कि अब यहां रहना सुरक्षित है। हालात के बारे में बताते हुए एक और चश्मदीद ने कहा कि मलबे के नीचे अभी भी करीब 20-30 लोग फंसे हो सकते हैं। आईएएनएस से बात करते हुए उन्होंने दावा किया कि हम मदद के लिए गए थे। हमने दो बच्चों को बचाया जिनकी सांसें चल रही थीं। दो और बच्चे वहां फंसे हुए थे और मदद के लिए पुकार रहे थे। हमने उन्हें बचाने की कोशिश में उनके हाथ पकड़े, लेकिन तब तक उनकी मौत हो चुकी थी।

CMYK

page 2_Layout 1 06-09-2026 20:57 Page 1



# युवा शक्ति के संकल्प से नशामुक्त बनेगा हरियाणा: श्री नायब सिंह सैनी

## रेवाड़ी मैराथन में 'नशामुक्त हरियाणा-खेलयुक्त हरियाणा' थीम पर दौड़े 50 हजार से अधिक नागरिक, मुख्यमंत्री ने दिखाई हरी झंडी

- नशे की समस्या को राजनीतिक नहीं, युवाओं और परिवारों के भविष्य से जोड़कर देख रही हरियाणा सरकार
- मुख्यमंत्री ने नशे के खिलाफ जनजागरूकता बढ़ाने में युवाओं से मांगा सहयोग
- फ्लैग ऑफ मंच तथा मैराथन ट्रैक पर सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने बढ़ाया युवाओं का जोश
- मुख्यमंत्री ने विजेताओं को नकद पुरस्कार देकर किया सम्मानित

डेली आवाज भारती

**चंडीगढ़, राहुल गोयल।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि हरियाणा की युवा शक्ति ने नशे के खिलाफ निर्णायक लड़ाई लड़ने का संकल्प लिया है और युवाओं का यही जोश प्रदेश को नशामुक्त बनाने के अभियान को नई दिशा देगा। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार ने नशे की चुनौती से निपटने के लिए कार्रवाई, जागरूकता, उपचार और पुनर्वास पर मजबूत व्यवस्था तैयार की है।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी रविवार को रेवाड़ी में 'नशामुक्त हरियाणा-खेलयुक्त हरियाणा' के संकल्प को जन-जन तक पहुंचाने तथा युवाओं को खेलों से जोड़कर नशे के खिलाफ मजबूत सामाजिक माहौल तैयार करने के उद्देश्य से आयोजित हाफ मैराथन को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। 'नशे से जंग-रेवाड़ी के संग' थीम पर आयोजित इस भव्य मैराथन में रेवाड़ी के विधायक श्री लक्ष्मण यादव, बावल के विधायक डॉ. कृष्ण कुमार, कोसली के विधायक श्री अनिल यादव तथा नलवा के विधायक श्री रणधीर पनिहार, श्री पंकज नैन, मैराथन की ब्रांड एंबेसडर एवं राष्ट्रमंडल खेल-2026 में पैरा एथलेटिक्स की स्वर्ण पदक विजेता शर्मिला धनखड़ सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने मैराथन को फ्लैग ऑफ करने से पूर्व अपने संबोधन में कहा कि रेवाड़ी जैसी वीरता, परिश्रम और राष्ट्रभक्ति की धरती पर नशे जैसी सामाजिक बुराई के लिए कोई स्थान नहीं हो सकता। उन्होंने कहा कि नशे की समस्या अचानक पैदा नहीं हुई, बल्कि यह लंबे समय से चली आ रही चुनौती है, जिस पर पहले गंभीरता से ध्यान नहीं दिया गया। पिछले 12 वर्षों में हरियाणा सरकार ने इस समस्या को राजनीतिक चश्मे से नहीं, बल्कि हरियाणा के परिवारों और युवाओं के भविष्य से जोड़कर देखा है। सरकार नशे के खिलाफ प्रभावी एवं ठोस कदम उठाते हुए युवाओं को सुरक्षित और सकारात्मक वातावरण उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है।




मुख्यमंत्री ने कहा कि नशामुक्त युवा ही खुशहाल परिवार की आधारशिला है, हुनरमंद युवा ही समृद्ध हरियाणा का निर्माण करेगा और संकल्पवान युवा ही विकसित एवं आत्मनिर्भर भारत की ताकत बनेगा। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने युवाओं से नशे के खिलाफ जनजागरूकता अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान करते हुए कहा कि यदि उनके आसपास कोई व्यक्ति नशे की बिक्री या ड्रग पैडलिंग जैसी गतिविधियों में संलिप्त है, तो वे चुप न रहें। उनकी एक सूचना किसी परिवार के चिराग को बुझने से बचा सकती है। उन्होंने कहा कि यदि प्रत्येक युवा कम से कम 10 अन्य युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करने की जिम्मेदारी ले, तो यह संकल्प शीघ्र ही एक विराट जनआंदोलन का रूप ले सकता है।

उन्होंने बताया कि नशा पीड़ितों की सहायता तथा ड्रग पैडलिंग की गतिविधियों की सूचना देने के लिए टोल-फ्री एंटी-ड्रग हेल्पलाइन नंबर 9050891508 शुरू किया गया है। इसके अलावा नशीले पदार्थों से संबंधित शिकायतें 'मानस' पोर्टल और हेल्पलाइन नंबर 1933 के माध्यम से भी दर्ज कराई जा सकती हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि शिकायतकर्ता की पहचान पूरी तरह गोपनीय रखी जाती है। इसलिए नागरिक बिना किसी भय के नशे के खिलाफ इस अभियान में अपनी जिम्मेदारी निभाएं। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर उपस्थित जनसमूह को नशे के खिलाफ जारी अभियान में सहभागिता की शपथ भी दिलाई।

हाफ मैराथन के दौरान मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने फ्लैग ऑफ मंच से 50 हजार से अधिक धावकों एवं अन्य प्रतिभागियों पर पुष्पवर्षा कर उनका उत्साह बढ़ाया। वहीं, मैराथन ट्रैक पर ड्रोन के माध्यम से भी 50 हजार से अधिक धावकों पर पुष्पवर्षा की गई। मुख्यमंत्री द्वारा किए गए इस आत्मीय स्वागत से धावकों में जोश और उमंग का माहौल बना रहा। आसमान से बरसते फूलों और जोश के साथ दौड़ का दृश्य आयोजन के प्रमुख आकर्षणों में शामिल रहा। पुष्पवर्षा के बीच धावकों ने भी उत्साहपूर्वक मुख्यमंत्री का अभिवादन किया और पूरे जोश के साथ मैराथन में भाग लिया। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने फन रन में शामिल हजारों धावकों को फ्लैग ऑफ करने के बाद स्वयं मैराथन ट्रैक पर पहुंचकर धावकों के साथ दौड़ लगाई और उनका उत्साहवर्धन किया। मुख्यमंत्री को अपने बीच दौड़ता देखकर धावकों में खासा जोश और उत्साह देखने को मिला। इस दौरान मुख्यमंत्री ने मैराथन में भाग ले रहे प्रतिभागियों का हाथ हिलाकर अभिवादन किया और उनका हौसला बढ़ाया। साथ ही, मुख्यमंत्री ने मैराथन ट्रैक के साथ ग्रीन बेल्ट में पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया। मैराथन के दौरान फ्लैग ऑफ मंच से लेकर मैराथन ट्रैक तक विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियां आकर्षण का केंद्र रहीं। फ्लैग ऑफ मंच पर गायक नवीन पुनिया एवं सत्यन लांबा की प्रस्तुतियों ने माहौल में जोश और उमंग भर दी। वहीं, मैराथन ट्रैक पर बनाए गए विभिन्न कल्चरल पॉइंट्स पर जिले के विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति देकर धावकों में जोश भरने का कार्य किया।

# ई-रोल ऑब्जर्वर द्वारा SIR-2026 के तहत मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण संबंधी समीक्षा बैठक एवं पोलिंग बूथों का निरीक्षण

डेली आवाज भारती

**अमृतसर, (सलोनी नेहा गिल) :** जिला अमृतसर में मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (Special Intensive Revision—SIR) w026 के तहत चल रही प्रक्रिया की प्रगति का जायजा लेने के लिए आज जिला प्रशासनिक कॉम्प्लेक्स, अमृतसर के मीटिंग हॉल, कमरा नंबर 168 में माननीय सचिव, स्टेट ह्यूमन राइट्स कमीशन-कम-ई-रोल ऑब्जर्वर श्री राजीव प्रशार, IAS की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला निर्वाचन अधिकारी-कम-डिप्टी कमिश्नर, अमृतसर श्री दलविंदरजीत सिंह, IAS, अतिरिक्त जिला निर्वाचन अधिकारी-कम-अतिरिक्त डिप्टी कमिश्नर (जनरल) श्रीमती पल्लवी मिश्रा, IAS, विधानसभा क्षेत्र अटारी के विधायक श्री जसविंदर सिंह, चुनाव तहसीलदार श्री राजिंदर सिंह के अलावा विभिन्न मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित थे। बैठक के दौरान



माननीय ई-रोल ऑब्जर्वर द्वारा SIR-2026 की समग्र प्रगति, विशेष रूप से स्ट्रक नोटिस चरण, नोटिसों की तामील, सुनवाई की प्रक्रिया तथा मतदाता पंजीकरण से संबंधित कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई। उन्होंने कहा कि SIR का मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि कोई भी योग्य नागरिक मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज करवाने से वंचित न रहे तथा कोई भी अयोग्य व्यक्ति मतदाता सूची में शामिल न हो। उन्होंने सभी निर्वाचक पंजीकरण अधिकारियों (EROs) को निर्देश दिए कि SIR-2026 की पूरी प्रक्रिया भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी निर्देशों और निर्धारित समय-सारणी के अनुसार पूर्ण निष्पक्षता, पारदर्शिता तथा नियमों का पालन करते हुए पूरी की जाए। SIR नोटिस चरण की समीक्षा करते हुए श्री प्रशार ने EROs को निर्देश दिए कि संबंधित मतदाताओं को नोटिसों की समय पर और सही ढंग से तामील सुनिश्चित की जाए, ताकि किसी भी योग्य मतदाता को अपना पक्ष रखने के अवसर से वंचित न होना पड़े। उन्होंने कहा कि नोटिसों की सुनवाई के दौरान संबंधित व्यक्तियों को अपना पक्ष रखने का उचित अवसर दिया जाए और सभी मामलों का निपटारा लागू नियमों तथा निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुसार किया जाए। बैठक में मतदाता पंजीकरण प्रक्रिया की भी विस्तारपूर्वक समीक्षा की गई। EROs को निर्देश दिए गए कि मतदाता सूची में नाम शामिल करने, नाम हटाने तथा विवरण में संशोधन से संबंधित आवेदनों का निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार शीघ्र निपटारा किया जाए। उन्होंने अधिकारियों को यह भी सुनिश्चित करने के लिए कहा कि आम लोगों को स्ट्रक प्रक्रिया के दौरान किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े तथा योग्य मतदाताओं द्वारा प्रस्तुत दावों और आवेदनों का समयबद्ध ढंग से निपटारा किया जाए। माननीय ई-रोल ऑब्जर्वर ने SIR प्रक्रिया में मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों की सक्रिय एवं सार्थक भागीदारी पर भी विशेष जोर दिया। उन्होंने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से अपील की कि वे स्ट्रक के प्रत्येक चरण, विशेषकर नोटिस चरण और नोटिसों की सुनवाई के दौरान सक्रिय रूप से भाग लें तथा मतदाता सूचियों से संबंधित अपने सुझाव, आपत्तियां अथवा अन्य मामले निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार संबंधित EROs के ध्यान में लाएं। उन्होंने EROs को राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ प्रभावी समन्वय बनाए रखने तथा स्ट्रक एवं मतदाता सूचियों से संबंधित गतिविधियों की प्रगति के बारे में आवश्यक जानकारी समय पर और पारदर्शी ढंग से साझा करने के निर्देश भी दिए। बैठक के अंत में श्री राजीव प्रशार, IAS ने सभी संबंधित अधिकारियों को भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों तथा निर्धारित समय-सीमाओं का सख्ती से पालन करते हुए स्ट्रक नोटिस चरण, नोटिसों की सुनवाई तथा मतदाता पंजीकरण प्रक्रिया को समयबद्ध ढंग से पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने पूरी प्रक्रिया के दौरान निष्पक्षता, पारदर्शिता तथा स्वतंत्र एवं निष्पक्ष निर्वाचन प्रक्रिया सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया।

# डबल इंजन सरकार तिगुनी गति से करवा रही हरियाणा का विकास:नायब सैनी

डेली आवाज भारती

**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने रविवार को बवानी खेड़ा की अनाज मंडी में आयोजित विकास संकल्प जनसभा को संबोधित करते हुए क्षेत्र के सर्वांगीण विकास का व्यापक रोडमैप प्रस्तुत किया। जनसभा में मुख्यमंत्री ने लगभग 78 करोड़ रुपये की 7 विकास परियोजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास किया। उन्होंने कहा कि केंद्र व हरियाणा में भाजपा की डबल इंजन सरकार आज तिगुनी गति से विकास कार्य करवा रही हैं। उन्होंने बताया कि विगत 12 वर्षों में इस विधानसभा क्षेत्र में 1446 करोड़ 38 लाख रुपये की लागत के विकास कार्य कराए गए हैं, जबकि पिछली कांग्रेस सरकार के 10 वर्षों में यह आंकड़ा मात्र 609 करोड़ 58 लाख रुपये था। उन्होंने बताया कि पिछले 12 वर्षों में सरकार ने इस इलाके के विकास के लिए महत्वपूर्ण कार्य किए हैं। एनएच-148बी का भिवानी-हांसी खंड 1322 करोड़ रुपये से पूर्ण हो चुका है, एनएच-709ए का निर्माण 749 करोड़ रुपये से किया गया है, भिवानी-खरक एनएच 709 ई को 169 करोड़ रुपये से चारमार्गीय बनाया गया है, मानहेरू-बवानी खेड़ा रेलवे लाइन दोहरीकरण 413 करोड़ रुपये से निर्माणाधीन है जिसमें 12 किलोमीटर का कार्य पूर्ण हो चुका है, जबकि खरक कलां में जल घर 29 करोड़ 47 लाख रुपये और सुंदर डिस्ट्रीब्यूटरी लाइनिंग 21 करोड़ 27 लाख रुपये की लागत से बनाए गए हैं। मुख्यमंत्री ने किसान कल्याण को सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता बताते हुए कहा कि हरियाणा देश का पहला राज्य है।



### 78 करोड़ की योजनाओं के उद्घाटन एवं शिलान्यास किए

**मुख्यमंत्री** ने आज 3.51 करोड़ रुपये की लागत से तैयार राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गुजरानी, 2.62 करोड़ रुपये की लागत से तैयार राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कलिंगा के भवन, गांव खेड़ा में 16.98 करोड़ से तैयार हुए कैनाल रेस्ट हाउस के कार्यालय परिसर और स्टाफ आवासीय भवन तथा बवानी खेड़ा में 28.89 करोड़ रुपये की लागत से तैयार दो जलघरों के नवीनीकरण और जलापूर्ति वितरण नेटवर्क का उद्घाटन किया। इनके अलावा मुख्यमंत्री ने प्रेम नगर में 9.60 करोड़ रुपये की लागत से तैयार होने वाले दीनदयाल उपाध्याय 25 बिस्तरों के आयुर्वेदिक अस्पताल, नाथुवास से गुजरानी होते हुए बामला तक 10.59 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाली नई लिंक रोड और 4.72 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले बलियाली के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का शिलान्यास भी किया।

# सरकार ने पेयजल व सिंचाई व्यवस्था को किया मजबूत: श्रुति चौधरी

डेली आवाज भारती

**चंडीगढ़।** हरियाणा की महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रुति चौधरी ने रविवार को बवानी खेड़ा में आयोजित विकास संकल्प रैली को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान सरकार मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की अगुवाई में प्रदेश की भलाई और 36 बिरादरियों सहित हर वर्ग के हित के लिए निरंतर काम कर रही है। मुख्यमंत्री के विशेष प्रयासों से हरियाणा की सिंचाई व्यवस्था में आमूलचूल परिवर्तन होने जा रहा है। वर्ल्ड बैंक के सहयोग से हरियाणा में 6000 करोड़ रुपये की राशि से सभी प्रमुख नहरों, चैनलों आदि के नवनिर्माण से प्रदेश की सभी टेलों पर पानी पहुंचेगा। इसके अलावा बुटाना ब्रांच और सुंदर ब्रांच के कार्य भी क्रमश: 211 करोड़ रुपये और 190 करोड़ रुपये की लागत से मंजूर किए गए हैं। सरकार का उद्देश्य है कि किसानों और क्षेत्र के लोगों को पर्याप्त मात्रा में पानी उपलब्ध हो तथा सिंचाई व्यवस्था को और मजबूत किया जाए।

केबिनेट मंत्री श्रीमती श्रुति चौधरी ने कहा कि पूर्व में हमारे इस क्षेत्र के सुधार में स्वर्गीय चौधरी बंसीलाल और स्वर्गीय चौधरी सुरेंद्र सिंह का विशेष योगदान रहा है। उन्होंने इस सूखे इलाके को हरा-भरा बनाने के लिए बहुत काम किए। सिंचाई विभाग के माध्यम से उन्होंने लिफ्ट इरिगेशन स्कीम लागू की, जो अपने आप में एक मिसाल है। उनके बाद अब नायब सिंह सैनी की वर्तमान सरकार इस क्षेत्र को विकसित करने की दिशा में कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि इस बार बारिश की कमी के चलते नहरों में पानी की कमी है लेकिन जल्द ही नहरी पानी की 16 दिन की उपलब्धता सुनिश्चित की जाएगी। जनसभा के संयोजक विधायक कपूर सिंह वाल्मीकि ने बवानी खेड़ा पहुंचने पर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का स्वागत किया और हलके के विकास के लिए मांग पत्र सौंपा।

# हरियाणा युवा कांग्रेस करेगी मुख्यमंत्री आवास का घेराव : सोमिल संधू

डेली आवाज भारती

**चंडीगढ़। कांग्रेस** के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़े के कार्यक्रम के बाद समारोह स्थल का शुद्धिकरण किए जाने के विरोध में हरियाणा प्रदेश यूथ कांग्रेस ने आठ सितंबर को चंडीगढ़ में मुख्यमंत्री नायब सैनी के आवास का घेराव करने का ऐलान किया है। प्रदेश युवा कांग्रेस प्रभारी सत्यवान गहलोत, कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष सोमिल संधू तथा अन्य युवा कांग्रेस नेताओं ने रविवार को चंडीगढ़ स्थित कांग्रेस मुख्यालय में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि यह घेराव कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़े के अपमान, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के खिलाफ दर्ज की गई एफआईआर के विरोध में तथा एचकेआरएन कर्मचारियों को पक्की नौकरी देने की मांग को लेकर किया जाएगा। इस दौरान हरियाणा युवा कांग्रेस के कार्यकर्ता बड़ी संख्या में कार्यक्रम में शामिल होकर अपनी आवाज बुलंद करेंगे। इस अवसर पर युवा कांग्रेस प्रदेश महासचिव प्रदीप चौधरी, जिलाध्यक्ष शुभम नाहर, सुमित मढाण समेत कई नेता मौजूद थे।

# बठिंडा में चिट्टा बेचने का वीडियो सामने आने से सियासी घमासान, अकाली दल ने जांच की मांग की

डेली आवाज भारती

**बठिंडा:** पंजाब में नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के बीच बठिंडा के गांव संगत कलां में कथित तौर पर चिट्टा बेचने से जुड़ा एक वीडियो सामने आने के बाद राजनीतिक विवाद तेज हो गया है। शिरोमणि अकाली दल (शिअद) ने रविवार को अपने फेसबुक पेज पर करीब 3 मिनट 12 सेकंड का वीडियो साझा करते हुए इसे कथित स्टिंग ऑपरेशन बताया है। पार्टी ने आरोप लगाया कि गांव में कम कीमत पर चिट्टा उपलब्ध कराया जा रहा है। अकाली दल के मुताबिक, वीडियो में एक महिला द्वारा कथित तौर पर चिट्टा पहुंचाने की बात सामने आती है। वीडियो में डिलीवरी को लेकर पिज्जा, ब्लिंकिट और कथित नशे की डिलीवरी की तुलना करते हुए दावा किया गया है कि चिट्टा बेहद कम समय में उपलब्ध कराया जा रहा था। पार्टी ने इस मामले की तत्काल जांच की मांग की है। शिअद ने वीडियो को आधार बनाते हुए आम आदमी पार्टी सरकार और मुख्यमंत्री भगवंत मान पर पंजाब में नशे की समस्या से निपटने के तरीके को लेकर सवाल उठाए हैं। पार्टी ने सरकार से मांग की है कि केवल राज्य स्तर के आंकड़े जारी करने के बजाय गांव-वार यह जानकारी सार्वजनिक की जाए कि नशा तस्करों के खिलाफ वास्तव में क्या कार्रवाई की गई है। मामले में पुलिस ने कार्रवाई शुरू कर दी है। संगत थाना प्रभारी इंस्पेक्टर हरबंस सिंह ने बताया कि वीडियो शुक्रवार को बनाया गया था। पुलिस ने मामले में एफआईआर दर्ज कर गग्गू नामक एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है।

# फाजिल्का में खुले में पड़ी गेहूं की करीब 10 लाख बोरियां

## भंडारण की कमी के चलते आढ़तियों के अस्थायी यार्ड में रखा स्टॉक, 15 सितंबर के बाद हटाने का आश्वासन

डेली आवाज भारती

**फाजिल्का:** जिले में भंडारण की पर्याप्त व्यवस्था नहीं होने के कारण करीब 10 लाख बोरियां गेहूं की खुले में पड़ी हैं। प्रत्येक बोरी का वजन 50 किलोग्राम है। यह गेहूं आढ़तियों के अस्थायी यार्डों में रखा गया है, जिससे बारिश के दौरान इसके खराब होने का खतरा बना हुआ है। सूत्रों के अनुसार आढ़तियों से संबंधित 10 से अधिक खुले और निचले इलाकों में स्थित यार्डों में गेहूं का स्टॉक रखा गया है। खरीद एजेंसियों ने भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) की ओर से पहली अप्रैल से खरीदे गए गेहूं को निर्धारित गोदामों में जगह की कमी के कारण इन अस्थायी यार्डों में भेजा था। योजना के अनुसार इस



गेहूं को 30 से 45 दिनों के भीतर, मानसून शुरू होने से पहले, इन यार्डों से उठाकर सुरक्षित गोदामों में पहुंचाया जाना था, लेकिन काफी समय बीतने के बावजूद स्टॉक खुले में पड़ा है। बताया गया है कि ये अस्थायी यार्ड मंजूरशुदा स्थान हैं, जिनका इस्तेमाल कमीशन एजेंट धान की खरीद के व्यस्त सीजन के दौरान करते हैं। धान खरीद का सीजन एक अक्टूबर से शुरू होने वाला है। ऐसे में यदि गेहूं का स्टॉक समय रहते नहीं हटाया गया तो आढ़तियों के सामने जगह की समस्या और बढ़ सकती है। फाजिल्का आढ़ती एसोसिएशन के अध्यक्ष संजीव सचदेवा उर्फ गोल्डी ने बताया कि एसोसिएशन की ओर से एफसीआई पंजाब क्षेत्र की महाप्रबंधक प्रीति यादव को पत्र लिखकर गेहूं का स्टॉक तत्काल हटाने की मांग की गई है। उन्होंने कहा कि धान खरीद सीजन शुरू होने से पहले यार्ड खाली होना बेहद जरूरी है। उन्होंने बताया कि इस बार फाजिल्का में मानसून के दौरान बारिश कम हुई, जिससे गेहूं को बड़े नुकसान से बचाया जा सका। उनका कहना था कि यदि क्षेत्र में भारी बारिश होती तो खुले में रखे गेहूं को काफी नुकसान पहुंच सकता था। एफसीआई फिरोजपुर के मैनेजर (मूवमेंट) हेमंत मीणा ने कहा कि अधिकारियों की ओर से पर्याप्त मालगाड़ियों की उपलब्धता का आश्वासन मिला है। उन्होंने बताया कि 15 सितंबर के बाद इन अस्थायी यार्डों में पड़ा गेहूं हटाने की प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी।

# पंजाब कांग्रेस की कमान सचिन पायलट के हाथ, संगठन में बड़े बदलाव के संकेत

## सचिन पायलट बने पंजाब कांग्रेस के प्रभारी, गुटबाजी खत्म करने की चुनौती

डेली आवाज भारती

**चंडीगढ़:** पंजाब कांग्रेस में संगठनात्मक बदलाव की हलचल के बीच पार्टी हाईकमान ने राजस्थान के वरिष्ठ कांग्रेस नेता सचिन पायलट को पंजाब मामलों का नया एआईसीसी प्रभारी महासचिव नियुक्त किया है। इस नियुक्ति को पंजाब कांग्रेस में चल रही गुटबाजी और असंतोष को दूर करने की कोशिश के तौर पर देखा जा रहा है। पार्टी के इस फैसले से पंजाब प्रदेश कांग्रेस कमेटी में भी बड़े बदलाव के संकेत मिल रहे हैं। मौजूदा प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अमरिंदर सिंह राजा वड़िंग को लेकर पार्टी के भीतर लंबे समय से असहमति सामने आती रही है। कुछ नेताओं ने पूर्व पंजाब प्रभारी भूपेश बघेल पर वड़िंग के पक्ष में रहने के आरोप भी लगाए थे। सचिन पायलट की नियुक्ति के बाद कांग्रेस को उम्मीद है कि पंजाब में पार्टी नेताओं के बीच मतभेद कम होंगे और संगठन को आगामी विधानसभा चुनाव के लिए मजबूत किया जा सकेगा। एक वरिष्ठ कांग्रेस नेता के अनुसार, पायलट की नियुक्ति से पार्टी को पंजाब में नेताओं को एकजुट करने में मदद मिल सकती है। राहुल गांधी के प्रस्तावित पंजाब दौरे से पहले भी इसे अहम कदम माना जा रहा है। पूर्व मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी और गुरदासपुर से सांसद सुखजिंदर सिंह रंधावा समेत वड़िंग के विरोधी खेमे के कुछ नेताओं ने पायलट की नियुक्ति का स्वागत किया है। सचिन पायलट पड़ोसी राजस्थान से आते हैं और पंजाब के राजनीतिक मुद्दों की समझ रखने वाले कांग्रेस के प्रमुख युवा नेताओं में शामिल हैं। वह पहले भी विभिन्न कार्यक्रमों के सिलसिले में पंजाब का दौरा कर चुके हैं। पार्टी के भीतर यह भी माना जा रहा है कि पंजाब के राजस्थान सीमा से लगे इलाकों में पायलट की सामाजिक और राजनीतिक पहुंच कांग्रेस के लिए उपयोगी साबित हो सकती है। पार्टी सूत्रों के अनुसार, पंजाब कांग्रेस के %हर बूथ कांग्रेस मजबूत% कार्यक्रमों के दौरान भूपेश बघेल और राजा वड़िंग को विरोध का सामना करना पड़ा था। पिछले महीने कई स्थानों पर %गो बैक बघेल% के पोस्टर भी सामने आए थे। वड़िंग विरोधी नेताओं ने बघेल पर पंजाब कांग्रेस की सत्ता में वापसी की संभावनाओं को कमजोर करने के आरोप लगाए थे। कांग्रेस हाईकमान अब पंजाब में संगठन को नए सिरे से मजबूत करने की दिशा में आगे बढ़ता दिखाई दे रहा है। पार्टी के भीतर ओबीसी और दलित नेतृत्व के बेहतर संयोजन पर भी विचार किए जाने की चर्चा है, ताकि भाजपा की सामाजिक समीकरणों की रणनीति का मुकाबला किया जा सके। कांग्रेस ने शनिवार को बड़ा संगठनात्मक फेरबदल करते हुए सचिन पायलट को पंजाब मामलों का नया महासचिव प्रभारी नियुक्त किया है। उन्होंने भूपेश बघेल की जगह ली है। यह फैसला कांग्रेस नेता राहुल गांधी की अध्यक्षता में पंजाब कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं के साथ हुई अहम बैठक के एक दिन बाद लिया गया है। बैठक में पार्टी की अंदरूनी गुटबाजी खत्म करने और संगठन में बड़े राजनीतिक व संगठनात्मक बदलावों पर चर्चा हुई थी। भूपेश बघेल को अब असम कांग्रेस का महासचिव प्रभारी बनाया गया है।

CMYK

page 3_Layout 1 06-09-2026 20:58 Page 1

डेली आवाज पंजाब

बरनाला, मोहाली, जीरकपुर ⟫ सोमवार, 7 सितंबर 2026

# शैक्षणिक आदान-प्रदान, नवाचार और उद्यमिता से भारत-मध्य एशिया संबंध होंगे और मजबूत : प्रो. (डॉ.) करमजीत सिंह

**गुरु नानक देव यूनिवर्सिटी के सेंटर फॉर सेंट्रल एशियन स्टडीज की ओर से भारत-मध्य एशिया साझेदारी पर एक दिवसीय राष्ट्रीय कॉन्क्लेव, अमृतसर को मध्य एशिया के बाजारों से जोड़ने की नई संभावनाएं तलाशने की जरूरत**

डेली आवाज भारती



**अमृतसर।** गुरु नानक देव यूनिवर्सिटी के उप-कुलपति प्रो. (डॉ.) करमजीत सिंह ने कहा कि भारत और मध्य एशिया के देशों के बीच संबंधों को और मजबूत करने के लिए शैक्षणिक और बौद्धिक आदान-प्रदान को बढ़ाना समय की जरूरत है। इससे संयुक्त शोध, ज्ञान के आदान-प्रदान और विभिन्न संस्थानों के बीच सहयोग के नए रास्ते खुल सकते हैं। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों और शोधार्थियों को मध्य एशिया से जुड़े विषयों पर काम करने के लिए अधिक अवसर दिए जाने चाहिए। वे गुरु नानक देव यूनिवर्सिटी के सेंटर फॉर सेंट्रल एशियन स्टडीज की ओर से 'भारत-मध्य एशिया सामाजिक-आर्थिक और रणनीतिक साझेदारी = शैक्षणिक आदान-प्रदान, नवाचार और उद्यमिता' विषय पर आयोजित एक दिवसीय राष्ट्रीय कॉन्क्लेव के उद्घाटन सत्र की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि ऐसे कॉन्क्लेव विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञों, शिक्षकों और विद्यार्थियों को एक मंच पर लाते हैं। इससे भारत के मध्य एशिया के साथ संबंधों को नए दृष्टिकोण से समझने का अवसर मिलता है। भारत के पूर्व राजदूत नवतेज सिंह सरना ने कहा कि अमृतसर ऐतिहासिक रूप से निर्माण और व्यापार का एक महत्वपूर्ण केंद्र रहा है। उन्होंने कहा कि अमृतसर को मध्य एशिया के बाजारों और अर्थव्यवस्थाओं से जोड़ने के लिए नई संभावनाओं की तलाश की जानी चाहिए। ऐसे संबंध अमृतसर के व्यापार और आर्थिक संबंधों को फिर से मजबूत करने में मदद कर सकते हैं।

विदेश मंत्रालय के पूर्व सचिव (पश्चिम) और उज्बेकिस्तान में भारत के पूर्व राजदूत राजदूत गितेश सरमा ने मध्य एशिया के साथ अपने लंबे राजनयिक अनुभव साझा किए। उन्होंने कहा कि विज्ञान, सामाजिक विज्ञान और भाषाओं के क्षेत्र में शैक्षणिक आदान-प्रदान को बढ़ाना बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय और शिक्षण संस्थान लोगों के बीच संपर्क बढ़ाने तथा मध्य एशिया के समाज और संस्कृति को बेहतर ढंग से समझने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। संयुक्त राष्ट्र और संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम की पूर्व निदेशक एवं देश प्रतिनिधि अनीता निरोडी ने विद्यार्थियों को अपने लक्ष्यों को पूरा करने के लिए आत्मविश्वास और दृढ़ता के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। इंडोनेशिया, उज्बेकिस्तान, मिस्र और अफगानिस्तान सहित विभिन्न देशों में अपने अंतरराष्ट्रीय अनुभव साझा करते हुए उन्होंने विद्यार्थियों को नए अवसर तलाशने और अपने सपनों को पूरा करने के लिए मेहनत करने का संदेश दिया। इस अवसर पर प्रो. रमाकांत द्विवेदी, निदेशक, इंडिया सेंटर एशिया फाउंडेशन ने मध्य एशिया के देशों में अपने शोध और पेशेवर अनुभव साझा किए। उन्होंने क्षेत्र की वर्तमान महत्ता पर भी विचार रखे। इस अवसर पर उन्होंने मध्य एशिया के प्रसिद्ध किर्गिज महाकाव्य 'मानस' का हिंदी संस्करण उप-कुलपति प्रो. (डॉ.) करमजीत सिंह को भेंट किया। उन्होंने कहा कि साहित्य और संस्कृति के आदान-प्रदान से भारत को मध्य एशिया को बेहतर ढंग से समझने में मदद मिल सकती है। सेंटर फॉर सेंट्रल एशियन स्टडीज की समन्वयक डॉ. स्वाति मेहता ने अतिथियों और प्रतिभागियों का स्वागत किया। उन्होंने सेंटर की गतिविधियों और उद्देश्यों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सेंटर की ओर से मध्य एशिया से जुड़े शिक्षण, शोध, शैक्षणिक आदान-प्रदान और लोगों में जागरूकता बढ़ाने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं।

# एस.आई.आर.-2026 के तहत हर योग्य नागरिक का वोट दर्ज करने के साथ त्रुटिरहित मतदाता सूचियां सुनिश्चित की जाएः रोल ऑब्जर्वर वरिंदर कुमार शर्मा

डेली आवाज भारती



**संगरूर।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के तहत जिला संगरूर में चल रही एस.आई.आर.-2026 के अंतर्गत मतदाता सूचियों की सुधार प्रक्रिया का निरीक्षण करने के लिए मुख्य निर्वाचन अधिकारी, पंजाब द्वारा नियुक्त इलेक्टोरल रोल ऑब्जर्वर वरिंदर कुमार शर्मा, आई.ए.एस., सचिव-कम-निदेशक, खाद्य, सिविल सप्लाई एवं उपभोक्ता मामले, पंजाब ने अपनी पहली जिला यात्रा के दौरान पूरी प्रक्रिया की विस्तृत समीक्षा की। इस अवसर पर उन्होंने डिप्टी कमिश्नर-कम-जिला निर्वाचन अधिकारी पूनमदीप कौर, जिले के पांच विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों 99-लहरा, 100-दिड़बा, 101-सुनाम, 107-धूरी और 108-संगरूर के सभी निर्वाचक पंजीकरण अधिकारियों तथा विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की। डिप्टी कमिश्नर पूनमदीप कौर ने रोल ऑब्जर्वर का स्वागत करते हुए जिले में एस.आई.आर.-2026 के तहत अब तक की गई कार्रवाई की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित समय-सीमा और दिशा-निर्देशों के अनुसार पूरी प्रक्रिया को पारदर्शी और व्यवस्थित ढंग से पूरा किया जा रहा है। वरिंदर कुमार शर्मा ने नोटिस चरण, प्राप्त दावों एवं आपत्तियों, उनके निपटारे तथा मतदाता सूचियों के सत्यापन की प्रगति का जायजा लेते हुए कहा कि एस.आई.आर. का मूल उद्देश्य शुद्ध, सही और त्रुटिरहित मतदाता सूचियां तैयार करना है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि हर योग्य मतदाता का नाम सूची में दर्ज होना और किसी अयोग्य व्यक्ति का नाम शामिल न होना सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने बताया कि 13 अगस्त से फॉर्म-6, 6ए, 7 और 8 प्राप्त किए जा रहे हैं। 1 अक्टूबर 2026 की योग्यता तिथि के आधार पर नया वोट बनवाने के योग्य नागरिक 12 सितंबर तक फॉर्म-6 और आवश्यक दस्तावेज जमा करवा सकते हैं। एन.आर.आई. मतदाताओं के लिए फॉर्म-6ए, नाम कटवाने के लिए फॉर्म-7 तथा मतदाता सूची में संशोधन या पता बदलने के लिए फॉर्म-8 जमा करवाया जा सकता है। ये सेवाएं voters.eci.gov.in और ECINET मोबाइल ऐप के माध्यम से भी प्राप्त की जा सकती हैं। उन्होंने बताया कि दावों एवं आपत्तियों का निपटारा 8 अक्टूबर 2026 तक किया जाएगा, जबकि अंतिम मतदाता सूची 12 अक्टूबर 2026 को प्रकाशित की जाएगी। मतदाता सेवाओं या एस.आई.आर. संबंधी जानकारी के लिए हेल्पडेस्क के अलावा वोटर हेल्पलाइन नंबर 1950 पर भी संपर्क किया जा सकता है। इसके उपरांत रोल ऑब्जर्वर ने पांच विधानसभा क्षेत्रों में लगाए गए विशेष कैंपों के दौरान कुछ मतदान केंद्रों का दौरा कर बी.एल.ओ. और मतदाताओं से सीधे बातचीत की तथा एस.आई.आर.-2026 के दौरान पेश आ रही समस्याओं के बारे में जानकारी प्राप्त की। बैठक में अतिरिक्त डिप्टी कमिश्नर अंकुर महेंदरू, चुनाव तहसीलदार परमजीत कौर सहित संबंधित निर्वाचक पंजीकरण अधिकारी-कम-उप मंडल मजिस्ट्रेट तथा विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि भी उपस्थित थे।

# लोक हित मिशन का काफिला चंडीगढ़ में लगे किसान मोर्चे में हुआ शामिल



डेली आवाज भारती

**खरड़, (संदीप अकालगढ़िया)** लोक हित मिशन बीकेयू पंजाब का काफिला चंडीगढ़ में लगे किसान मोर्चे में शामिल हुआ। माजरी ब्लॉक से वाहनों के माध्यम से रवाना हुए मिशन के काफिले ने नारे लगाते हुए मोर्चे में पहुंचकर धरना दे रहे किसानों का हौसला बढ़ाया। इस अवसर पर मिशन के नेताओं गुरमीत सिंह सैंटू, भाई हरजीत सिंह हरमन, रविंदर सिंह बजीदपुर, भगत सिंह भगतमाजरा, गुरबचन सिंह मुंधों, दर्शन सिंह नागरा, कुलवंत सिंह संगतपुरा तथा बलविंदर सिंह रंगूआणा ने कहा कि जहां केंद्र सरकार पानी के मुद्दे और भारत-अमेरिका समझौते के माध्यम से खेती को खत्म करना चाहती है, वहीं पंजाब की आम आदमी पार्टी की सरकार भी मजदूरों के कर्जे तथा अन्य मांगों के मामले में केंद्र सरकार के रास्ते पर चल रही है। उन्होंने कहा कि इन्हीं परिस्थितियों के चलते किसानों को पक्का मोर्चा लगाने के लिए डटकर संघर्ष करना पड़ रहा है जब तक किसानों की मांगें नहीं मानी जातीं, तब तक धरना जारी रखा जाएगा। लोक हित मिशन की ओर से धरना दे रहे किसानों को हर संभव सहायता आगे भी जारी रखने का आश्वासन दिया गया। इस मौके पर साधू सिंह संगतपुरा, जसवीर सिंह लाला सलेमपुर, राजविंदर सिंह गुड्डू, सरबजीत सिंह संगतपुरा, प्रशोत्तम सिंह चंदपुर, सुरजीत सिंह सलेमपुर, रणजीत सिंह राणा, सोनी दुसरना, लाडी मलोआ सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# जेनेसिस डेंटल कॉलेज की तरफ से मुफ्त डेंटल चेकअप कैंप आयोजित



डेली आवाज भारती

**फिरोजपुर, (अमनदीप गिरधर):** जेनेसिस डेंटल कॉलेज एंड अस्पताल द्वारा रविवार को बाजीदपुर स्थित श्री गुरुद्वारा जामनी साहिब में मुफ्त दांतों की जांच का कैंप लगाया गया। कैंप के दौरान 200 से अधिक मरीजों और श्रद्धालुओं के दांतों की जांच की गई। इस अवसर पर डा.गगनदीप हांडा और डा.जतिन गिल ने मरीजों की जांच कर उन्हें आवश्यक उपचार के साथ-साथ दांतों की देखभाल संबंधी महत्वपूर्ण सलाह भी दी। डॉक्टरों ने कहा कि दांतों को स्वस्थ रखने के लिए रोजाना सही तरीके से सफाई करना, दिन में दो बार ब्रश करना, संतुलित आहार लेना और समय-समय पर दांतों के विशेषज्ञ डॉक्टर से जांच करवाना बहुत जरूरी है। उन्होंने लोगों से अपील की कि दांतों से संबंधित किसी भी समस्या को नजरअंदाज ना करें और समय पर विशेषज्ञ डॉक्टर की सलाह लें। इस अवसर पर कॉलेज के पीआरओ रणजीत सिंह और मंजीत सिंह ने सेवा भावना के तहत श्रद्धालुओं को मुफ्त टूथब्रश और टूथपेस्ट बांटे। उन्होंने बताया कि जेनेसिस डेंटल कॉलेज एंड अस्पताल समाज सेवा के उद्देश्य से समय-समय पर ऐसे मुफ्त स्वास्थ्य कैंप आयोजित करता रहता है।

# गार्डन ग्रीन गुरु माँ ध्यान केंद्र में गूंजा श्रीकृष्ण नाम का जयघोष, भजन-कीर्तन में भक्ति रस में झूमे साधक

डेली आवाज भारती



**बटाला, (अमनदीप संधू ):** अमृतसर के गार्डन ग्रीन स्थित आनंदमूर्ति गुरु माँ ध्यान केंद्र में साधकों द्वारा भगवान श्रीकृष्ण जी का पावन जन्माष्टमी महोत्सव श्रद्धा, भक्ति एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर पूरा ध्यान केंद्र भक्तिमय वातावरण से सराबोर नजर आया तथा श्रीकृष्ण जी की महिमा से संबंधित भजनों एवं संकीर्तन से वातावरण गूंज उठा। समागम के दौरान साधकों ने श्रद्धापूर्वक भजन-कीर्तन एवं संकीर्तन किया। भगवान श्रीकृष्ण जी की महिमा का गुणगान करते हुए साधक भक्ति रस में पूरी तरह लीन नजर आए और आनंद में झूमते हुए श्रीकृष्ण भक्ति का आनंद लेते रहे। चारों ओर कृष्ण नाम की गूंज और भक्तिमय वातावरण ने उपस्थित श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक आनंद से अभिभूत कर दिया। समागम के अंत में विधिवत आरती की गई। इसके उपरांत सभी साधकों एवं श्रद्धालुओं ने श्रद्धापूर्वक प्रसाद ग्रहण किया। पूरा आयोजन प्रेम, भक्ति, श्रद्धा एवं आध्यात्मिक आनंद से ओत-प्रोत रहा। जन्माष्टमी का यह पावन उत्सव सभी के लिए एक अविस्मरणीय आध्यात्मिक अनुभव बन गया।

# हैरोइन का नशा करते हुए पुलिस ने 1 को गिरफ्तार किया

## गिरफ्तार व्यक्ति के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट तहत मामला दर्ज

डेली आवाज भारती




**गुरुहरसहाय, (अमनदीप गिरधर):** थाना गुरुहरसहाय की पुलिस ने नशा बेचने वाले लोगों के खिलाफ चलाई मुहिम तहत बीते दिन गश्त व चैकिंग के दौरान मिली सूचना के अधार पर छापेमारी करके 1 व्यक्ति को हैरोइन का नशा करते हुए गिरफ्तार करके उसके कब्जे से नशा करने वाला सामान बरामद किया है। उक्त मामले में पुलिस ने गिरफ्तार किए व्यक्तियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट तहत मामला दर्ज किया है। जानकारी देते हुए थाना गुरुहरसहाय की एएसआई गुरदेव सिंह ने बताया कि उन्हें बीते दिन पुलिस पार्टी के साथ गश्त के दौरान सूचना मिली थी कि दोषी पाला सिंह पुत्र जोगिन्द्र सिंह वासी बस्ती अराईयां वाली हैरोइन का सेवन करने का आदि है और आज भी वह वार्ड नंबर 4 कब्रिस्तान गुरुहरसहाय में बनी बाबे की जगह पर बैठा हैरोइन का नशा कर रहा है। जिस पर पुलिस ने छापेमारी करके पाला को गिरफ्तार करके उसके कब्जे से 1 लाईटर, सिल्वर पन्नी हैरोईन लगी और 10 रुपए का नोट बरामद किया है। मामलें की जांच कर रहे गुरदेव सिंह ने बताया कि पुलिस ने पाला पर मामला दर्ज करके अगामी कार्रवाई शुरु कर दी है।

# गांव चनालों में गुगा माड़ी मेले के दौरान श्रद्धालुओं को बांटे फलदार पौधे

डेली आवाज भारती



**चनालों, (संदीप अकालगढ़िया)।** गांव चनालों में गुगा माड़ी के मेले के दौरान गुरुद्वारा कमेटी की ओर से संगत के सहयोग से पर्यावरण संरक्षण को लेकर एक सराहनीय पहल की गई इस दौरान मेले में पहुंची संगत को फलदार पौधे वितरित किए गए तथा लोगों को अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनकी देखभाल करने के लिए प्रेरित किया गया। गांव चनालों की गुरुद्वारा कमेटी की ओर से पिछले लंबे समय से धार्मिक समागमों और अन्य विशेष अवसरों पर संगत को फलदार एवं छायादार पौधे वितरित करके पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया जा रहा है। इसी कड़ी के तहत गुगा माड़ी के मेले के दौरान भी श्रद्धालुओं को फलदार पौधे वितरित किए गए। इस संबंध में जानकारी देते हुए अमनवीर सिंह रिक्की और प्रधान हरप्रीत सिंह ने बताया कि गुरुद्वारा कमेटी की ओर से इससे पहले भी संगरांद तथा विभिन्न धार्मिक दिवसों के अवसर पर संगत को फलदार और छायादार पौधे वितरित किए जाते रहे हैं उन्होंने कहा कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य लोगों को अपने घरों तथा आसपास अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनकी उचित देखभाल करने के लिए प्रेरित करना है। अमनवीर सिंह रिक्की ने कहा कि दिन-प्रतिदिन बढ़ रहे प्रदूषण को रोकने के लिए पर्यावरण की संभाल करना हम सभी की जिम्मेदारी है यदि हम आज अपने घरों और आसपास अधिक से अधिक पौधे लगाकर उनकी सही ढंग से देखभाल करेंगे तो आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ, हरा-भरा और स्वस्थ वातावरण दिया जा सकेगा। उन्होंने कहा कि गुरुद्वारा कमेटी की ओर से पर्यावरण संरक्षण के लिए शुरू किया गया यह अभियान भविष्य में भी इसी प्रकार जारी रखा जाएगा उन्होंने लोगों से अपील की कि वे पौधे लगाने के साथ-साथ उनकी नियमित देखभाल भी सुनिश्चित करें, ताकि यह अभियान वास्तव में पर्यावरण संरक्षण में योगदान दे सके। इस अवसर पर काउंसलर कुलवंत कौर पाबला, गुरदीप सिंह लाला ऑस्ट्रेलिया, सुमित सामरा, अनिल शर्मा, अरविंदर सिंह राजी, नवतेज सिंह, तजिंदर सिंह, राजिंदर सिंह सोमा, अरविंद जोशी, कवि चनालों और मोहन सिंह मोहणी सहित बड़ी संख्या में नौजवान एवं गांववासी उपस्थित थे।

# 26 सितंबर को दशहरा ग्राउंड कुराली में होगी भजन संध्या

## सुरभि चतुर्वेदी और इंटरनेशनल सिंगर रोशन प्रिंस करेंगे प्रभु का गुणगान

डेली आवाज भारती



**कुराली, (संदीप अकालढ़िया):** कुराली शहर में हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी भजन संध्या का आयोजन किया जा रहा है यह धार्मिक कार्यक्रम 26 सितंबर 2026, दिन शनिवार को दशहरा ग्राउंड, कुराली में आयोजित किया जाएगा। भजन संध्या का समय शाम 8 बजे से प्रभु इच्छा तक रहेगा। कार्यक्रम संबंधी जानकारी देते हुए आयोजकों ने बताया कि भजन संध्या में प्रसिद्ध गायिका सुरभि चतुर्वेदी और इंटरनेशनल सिंगर रोशन प्रिंस विशेष रूप से पहुंचकर भजनों के माध्यम से प्रभु का गुणगान करेंगे। भजन संध्या संबंधी पोस्टर आज डेरा बाबा गोसाइआणा, कुराली में जारी किया गया इस अवसर पर आयोजकों ने बताया कि कार्यक्रम को लेकर तैयारियां चल रही हैं श्रद्धालुओं को निमंत्रण पत्र दिए जा रहे हैं तथा सभी श्रद्धालुओं से अपील की जा रही है कि वे इस धार्मिक कार्यक्रम में जरूर पहुंचें और प्रसिद्ध गायकों द्वारा किए जाने वाले प्रभु के गुणगान का श्रवण करें। इस अवसर पर भजन संध्या के प्रबंधों से जुड़े प्रधान अतुल बांसल, आशीष शर्मा, विनय विनायक, प्रिंस अग्रवाल, भारत भूषण, अमन गौतम, दीपक गौतम, नरेंद्र राणा, मुकेश अग्रवाल, अभिषेक शर्मा, नमन अग्रवाल, करण रठौर और शिवम बांसल ने बताया कि कार्यक्रम को सुचारू रूप से करवाने के लिए आवश्यक प्रबंध किए जा रहे हैं उन्होंने श्रद्धालुओं से परिवार सहित 26 सितंबर को शाम 8 बजे दशहरा ग्राउंड, कुराली में पहुंचकर प्रभु के गुणगान का श्रवण करने का आह्वान किया। इस मौके पर नगर कौंसिल कुराली के प्रधान बहादुर सिंह ओके, प्रदीप रूड़ा, अश्वनी कुमार, रमाकांत कालिया, हेम राज वर्मा और कशिश गौतम के अलावा क्लब के गणमान्य सदस्य भी उपस्थित थे।

# ड्रग तस्करी से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में ईडी की कार्रवाई, दो आरोपी दोषी करार

डेली आवाज भारती




**चंडीगढ़।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के चंडीगढ़ जोनल ऑफिस-द्वि ने 1.230 किलोग्राम कोकीन की तस्करी से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में दारा सिंह और गुरदर्शन सिंह को दोषी ठहराए जाने में सफलता हासिल की है। इससे अवैध ड्रग तस्करी को बढ़ावा देने वाले फाइनेंशियल इकोसिस्टम को तोड़ने की ईडी की कोशिशों को और मजबूती मिली है। इसको लेकर ईडी ने शनिवार को जानकारी दी कि पीएमएलए, एसएएस नगर (मोहाली) की स्पेशल कोर्ट ने 3 सितंबर के अपने फैसले में दोनों आरोपियों को मनी लॉन्ड्रिंग की धारा 3 के तहत अपराध, जिसकी सजा पीएमएलएल, 2002 की धारा 4 के तहत मिलती है, का दोषी ठहराया और उन्हें 3-3 वर्ष की सख्त सजा और 5,000 रुपए का जुर्माना लगाया। ईडी ने इस मामले में पंजाब पुलिस द्वारा दर्ज एफआईआर के आधार पर जांच शुरू की थी। बाद में दोनों आरोपियों को एनडीपीएस एक्ट की धारा 22 और 29 के तहत संबंधित अपराधों में दोषी ठहराया गया।

page 4_Layout 1 06-09-2026 16:45 Page 1



# रेलवे अंडरपास में लाइटें बंद, रात के समय राहगीरों की सुरक्षा पर सवाल

## लाइटें खराब होने से अंधेरे में गुजरने को मजबूर लोग, झाड़ियों, गंदगी और खुले नाले से भी बढ़ा हादसे का खतरा

डेली आवाज भारती



**कुराली/मनीषः** रेलवे स्टेशन के निकट रेलवे रोड से अनाज मंडी को जोड़ने वाले रेलवे अंडरपास में नगर काउंसिल की ओर से लगाई गई लाइटें पिछले काफी समय से उचित रखरखाव के अभाव में बंद पड़ी हैं। रात के समय अंडरपास में अंधेरा छाया रहने के कारण यहां से गुजरने वाले लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। यह मार्ग अनाज मंडी, खुशीराम कॉलोनी सहित आसपास के कई गांवों को जोड़ता है और रोजाना दिन-रात हजारों लोग इस रास्ते से आवागमन करते हैं। स्थानीय लोगों के अनुसार, रात के समय पर्याप्त रोशनी नहीं होने के कारण पैदल आने-जाने वाले लोगों की सुरक्षा को लेकर चिंता बनी रहती है। अंधेरे का फायदा उठाकर राहगीरों से मोबाइल फोन छीनने की घटनाएं आम होने की बात भी सामने आ रही है। लोगों का कहना है कि अंडरपास में रोशनी की व्यवस्था सुचारू होना बेहद जरूरी है, ताकि रात के समय पैदल चलने वालों सहित अन्य राहगीरों को सुरक्षित आवागमन मिल सके। अंडरपास के साथ बने पैदल रास्ते की हालत भी चिंताजनक बनी हुई है। रास्ते में जगह-जगह झाड़ियां और जंगली पौधे उगे हुए हैं, जबकि गंदगी के ढेर भी लगे हुए हैं। इसके अलावा रास्ते में खुला नाला हादसे को न्योता दे रहा है। ऐसे में पैदल राहगीरों के लिए इस रास्ते से गुजरना किसी जोखिम से कम नहीं है। बरसात के दिनों में समस्या और गंभीर हो जाती है। बारिश के बाद अंडरपास में पानी भर जाता है और कई बार पानी की गहराई काफी अधिक हो जाती है। स्थानीय लोगों के मुताबिक, पानी की गहराई करीब पांच से सात फुट तक पहुंच जाती है। अंडरपास में लाइटें बंद होने के कारण रात के समय पानी की वास्तविक गहराई का अंदाजा लगाना भी मुश्किल हो जाता है, जिससे किसी बड़े हादसे की आशंका बनी रहती है।

लोगों ने नगर काउंसिल से मांग की है कि अंडरपास में बंद पड़ी लाइटों को जल्द ठीक करवाया जाए। साथ ही पैदल रास्ते से झाड़ियों और गंदगी को हटाने, खुले नाले को सुरक्षित करने तथा बारिश के दौरान पानी की निकासी के उचित प्रबंध किए जाएं, ताकि इस महत्वपूर्ण मार्ग से गुजरने वाले लोगों को सुरक्षित आवागमन की सुविधा मिल सके।

# विवेकानंद जूनियर स्कूल में रोबो माइंड्स लैब का किया गया उद्घाटन

डेली आवाज भारती



**फिरोजपुर, (अमनदीप गिरधर):** फिरोजपुर के बस्ती टैंकां वाली स्थित विवेकानंद जूनियर-ए प्री-प्राइमरी स्कूल में रोबो माइंड्स लैब का बीते दिन भव्य उद्घाटन किया गया। यह पहल नन्हे विद्यार्थियों में रचनात्मकता, नवाचार, रोबोटिक्स और वैज्ञानिक सोच को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस लैब का उद्घाटन विशेष रूप से विवेकानंद वर्ल्ड स्कूल की पैट्रन-इन-चीफ प्रभा भास्कर, वी.पी एडमिन महिमा कपूर और मुख्य प्रशासक परमवीर शर्मा द्वारा किया गया। उनकी उपस्थिति और प्रोत्साहन ने इस अवसर को ओर भी खास बना दिया। कार्यक्रम के दौरान स्कूल के कुछ नन्हे विद्यार्थियों ने अपने द्वारा तैयार किए गए प्रोजेक्ट भी सम्मानित अतिथियों के सामने प्रस्तुत किए। विद्यार्थियों ने बड़े उत्साह के साथ अपने विचार साझा किए और अपने प्रोजेक्ट्स की कार्यप्रणाली के बारे में जानकारी देते हुए अपनी रचनात्मकता, नवीन सोच और रोबोटिक्स के प्रति रुचि का प्रदर्शन किया। विवेकानंद जूनियर में स्थित रोबो माइंड्स लैब के माध्यम से विद्यार्थियों को ए. आई आधारित रोबोटिक्स और विज्ञान, प्रौद्योगिकी, अभियांत्रिकी एवं गणित की दुनिया में खोज करने, प्रयोग करने, नई चीजें बनाने और नवीन विचारों को अमल में लाने के अवसर मिलेंगे। यह लैब छोटी उम्र से ही बच्चों में जिज्ञासा, रचनात्मकता, रोबोटिक्स से जुड़े कौशल और समस्याओं को हल करने की क्षमता विकसित करने में सहायक सिद्ध होगी।

# श्री गुरप्रीत सिंह भुल्लर, आईपीएस, बॉर्डर रेंज अमृतसर ने श्री हरमंदिर साहिब में टेका माथा



डेली आवाज भारती

**अमृतसर (सलोनी नेहा गिल)** अपना नया पद संभालने के पर, श्री गुरप्रीत सिंह भुल्लर, IPS, इंस्पेक्टर जनरल ऑफ़ पुलिस, बॉर्डर रेंज, अमृतसर ने सचखंड श्री हरमंदिर साहिब में माथा टेका और गुरु साहिब का आशीर्वाद लिया। इस मौके पर, उन्होंने बॉर्डर रेंज के तहत पुलिस एडमिनिस्ट्रेशन की जिम्मेदारी को पूरी वफ़ादारी, ईमानदारी और लगन से पूरा करने के लिए प्रार्थना की।

# कृषि विज्ञान केंद्र, संगरूर ने सी.आर.एम. प्रोजेक्ट के तहत पराली प्रबंधन के बारे में जागरूकता कैंप लगाया

डेली आवाज भारती



**कृषि** विज्ञान केंद्र, संगरूर ने सी.आर.एम. प्रोजेक्ट के तहत पराली प्रबंधन के बारे में जागरूकता कैंप लगाया संगरूर, 6 सितंबर- धान की पराली न जलाने के लिए चलाई जा रही मुहिम के तहत पंजाब कृषि विश्वविद्यालय के कृषि विज्ञान केंद्र, संगरूर द्वारा गांव फुम्मण सिंह वाला, ब्लॉक भवानीगढ़ में एक दिवसीय किसान जागरूकता कैंप लगाया गया। इसमें गांव के सरपंच श्री सुखचैन सिंह सहित लगभग 70 किसानों ने भाग लिया। इस अवसर पर डॉ. मनदीप सिंह, इंचार्ज, पी.ए.यू.-कृषि विज्ञान केंद्र, संगरूर ने किसानों को धान की पराली जलाने से पर्यावरण, मिट्टी की सेहत और मानव स्वास्थ्य पर पड़ने वाले दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक किया। उन्होंने बताया कि एक टन धान की पराली जलाने से 5.5 किलो नाइट्रोजन, 2.3 किलो फास्फोरस, 25 किलो पोटाश और 1.2 किलो सल्फर तत्व का नुकसान होता है। इसके साथ ही पराली जलाने से पैदा होने वाली हानिकारक गैसें वातावरण को प्रदूषित करती हैं और मनुष्यों के लिए बीमारियों का कारण बनती हैं। उन्होंने किसानों से पराली जलाने की बजाय इसे खेत में ही संभालने की तकनीकें अपनाने की पुरजोर अपील की। उन्होंने पराली को खेत में संभालने से होने वाले फायदों और मिट्टी की सेहत में होने वाले सुधार के संबंध में भी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि धान की पराली को खेत में जोतने से मिट्टी में जैविक कार्बन की मात्रा बढ़ती है, जिससे मिट्टी अधिक उपजाऊ बनती है, रासायनिक खादों का खर्च कम होता है और फसल की पैदावार बढ़ती है। इसके अलावा उन्होंने गेहूं की नई किस्म पी.बी.डब्ल्यू. 887 के बारे में भी जानकारी दी। उन्होंने किसानों को पंजाब कृषि विश्वविद्यालय द्वारा सितंबर महीने के दौरान लगाए जाने वाले किसान मेलों में बढ़-चढ़कर भाग लेने का निमंत्रण भी दिया। डॉ. रुकिंदरप्रीत सिंह, सहायक प्रोफेसर (फसल विज्ञान) ने किसानों को पराली को खेत में संभालकर गेहूं की बुवाई करने वाली मशीनों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने पराली को खेत में मिलाकर बोई गई गेहूं की फसल में खरपतवारों की रोकथाम और पोषक तत्वों की पूर्ति के बारे में भी जानकारी दी। उन्होंने किसानों को धान में पोटाशियम नाइट्रेट (13-0-45) के इस्तेमाल के फायदों के बारे में बताते हुए इसका छिड़काव करने के लिए भी कहा। उन्होंने कहा कि जब धान गोभ में आए तो 1.5% पोटाशियम नाइट्रेट (3 किलो पोटाशियम नाइट्रेट 200 लीटर पानी प्रति एकड़) का छिड़काव करें। डॉ. रविंदर कौर, सहयोगी प्रोफेसर (बागवानी) ने किसानों को सर्दी के मौसम की घरेलू सब्जी बगिया लगाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने सब्जियों की पंजाब कृषि विश्वविद्यालय द्वारा विकसित की गई विभिन्न किस्मों के बारे में भी जानकारी दी। इसके अलावा उन्होंने कृषि विज्ञान केंद्र, संगरूर द्वारा किसानों के लिए तैयार की जाने वाली सब्जियों की पौध के संबंध में भी जानकारी दी। इस कैंप के अंत में किसान भाइयों के सवालों के जवाब दिए गए। उन्हें विश्वविद्यालय द्वारा तैयार सर्दी के मौसम की सब्जियों के बीजों की किटें और कृषि साहित्य उपलब्ध करवाया गया। गांव के सरपंच श्री सुखचैन सिंह और किसान यूनियन के अध्यक्ष द्वारा कृषि विज्ञान केंद्र, संगरूर की टीम का तहेदिल से धन्यवाद किया गया।

# वार्ड नंबर 14 में मतदाताओं के लिए विशेष कैंप लगाया



## दारा असलाम मोहल्ले में लोगों ने मतदाता सूची से संबंधित करवाए संशोधन

डेली आवाज भारती

**बटाला, (अमनदीप संधू):** वार्ड नंबर 14 के मोहल्ला दारा असलाम में मतदाताओं की सुविधा के लिए विशेष कैंप लगाया गया। यह कैंप बी.एल.ओ. परमजीत सिंह और बंदीप सिंह की निगरानी में आयोजित किया गया। कैंप के दौरान नई वोटें बनवाने के लिए संबंधित फॉर्म भरे गए। इसके अलावा पता बदलने, वोट शिफ्ट करवाने तथा मतदाता विवरण में किसी भी प्रकार का संशोधन करवाने के लिए फॉर्म नंबर 8 भरकर मौके पर ही बी.एल.ओ. के पास जमा करवाए गए। इस विशेष कैंप में बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया और अपनी वोटों से संबंधित विवरण में आवश्यक संशोधन करवाए। कैंप का मुख्य उद्देश्य लोगों को मतदाता सूची से संबंधित सेवाएं उनके नजदीक ही उपलब्ध करवाना था। इस मौके पर पूर्व एम.सी. गुरप्रीत शाना और शारदा देवी सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति एवं क्षेत्रवासी भी मौजूद रहे।

## व्यक्ति को ईटली भेझने का झांसा देकर उससे 25 लाख 50 हजार ठगे

**फिरोजपुर, (अमनदीप गिरधर):** थाना आरफके की पुलिस ने गांव कोटला खुर्द जिला अमृतसर साहिब निवासी व्यक्ति को ईटली भेजने का झांसा देकर लाखों रुपए की ठगी करने वाले गांव बंडाली आरफके निवासी दोषी व्यक्ति के खिलाफ धोखाधड़ी की विभिन्न धाराओं तहत शिकायतकर्ता के बयान पर मामला दर्ज किया है। मालूम हो कि उक्त मामले में पीड़ित ने पुलिस के स्पैशल विंग मे शिकायत की थी, जिस पर जांच करने के बाद पुलिस ने उक्त कार्रवाई की है। जानकारी देते हुए डीएसपी सुखविन्द्र सिंह ने बताया कि पुलिस को दिए बयान में शिकायतकर्ता लवजिन्द्र सिंह पुत्र हरबिंद्र सिंह वासी गांव कोटला खुर्द जिला अमृतसर साहिब ने बताया कि दोषी कुलदीप सिंह पुत्र खुशीया सिंह वासी गांव बंडाला आरफके ने उसे ईटली भेजने का झांसा देकर उसके साथ 25 लाख 50 हजार रुपए की ठगी की है। मामले की जांच कर रहे डीएसपी ने बताया कि पुलिस ने उक्त मामलें में कुलदीप सिंह पर मामला दर्ज करके अगामी कार्रवाई शुरु कर दी है और पुलिस उसकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है।

## पुलिस ने एक पिस्टल समेत मैगजीन एवं 1 जिंदा कारतूस सहित एक को गिरफ्तार किया

- गिरफ्तार व्यक्ति पर पुलिस ने असलाह एक्ट की धाराओं तहत दर्ज किया मामला

डेली आवाज भारती

**फिरोजपुर, (अमनदीप गिरधर):** थाना जीरा सिटी की पुलिस ने समाज विरोधी अनसरों के खिलाफ चलाई मुहिम तहत बीते दिन गश्त व चैकिंग के दौरान मिली सूचना के अधार पर छापेमारी करके 1 व्यक्ति को गिरफ्तार करके उसके कब्जे से पिस्टल समेत मैगजीन और जिंदा कारतूस बरामद किया है। उक्त मामलें में पुलिस ने गिरफ्तार किए व्यक्ति पर असलाह एक्ट तहत मामला दर्ज किया है। जानकारी देते हुए थाना जीरा सिटी के इंस्पैक्टर जसविन्द्र सिंह ने बताया कि उन्हें बीते दिन पुलिस पार्टी के साथ गश्त व चैकिंग के दौरान सूचना मिली थी कि लवप्रीत सिंह पुत्र हरबंस सिंह वासी बस्ती माछीयां जीरा ने अपने पास अवैध हथियार रखे है, जिस पर पुलिस ने छापेमारी करके लवप्रीत सिंह को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 1 पिस्टल 30 बोर समेत मैगजीन और 1 जिंदा कारतूस 30 बोर बरामद किया है। मामलें की जांच कर रहे जसविन्द्र सिंह ने बताया कि पुलिस ने उक्त मामलें में लवप्रीत पर मामला दर्ज करके अगामी कार्रवाई शुरु कर दी है।

## जीरा एवं मक्खू पुलिस ने 7 ग्राम हैरोइन सहित 2 को गिरफ्तार किया

- गिरफ्तार लोगों पर एनडीपीएस एक्ट की धाराओं तहत मामले दर्ज

**फिरोजपुर, (अमनदीप गिरधर):** थाना सदर जीरा एवं थाना मक्खू की पुलिस ने डीएसपी जसपाल सिंह ढिल्लों के दिशा निर्देशानुसार नशा बेचने वाले लोगों के खिलाफ चलाई मुहिम तहत बीते दिन गश्त व चैकिंग के दौरान विभिन्न मामलों में कार्रवाई करते हुए 2 लोगों को गिरफ्तार करके उनके कब्जे से 7 ग्राम हैरोइन बरामद की है। उक्त मामलो में पुलिस ने गिरफ्तार किए लोगों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धाराओं तहत मामलें दर्ज किए है। जानकारी देते हुए थाना सदर जीरा के एएसआई शमशेर सिंह ने बताया कि उन्होंने बीते दिन पुलिस पार्टी के साथ गश्त व चैकिंग के दौरान शक के अधार पर दोषी मनप्रीत सिंह उर्फ घदी पुत्र जुगराज सिंह वासी गांव लोहके कलां को गिरफ्तार करके उसके कब्जे से तलाशी दौरान 4 ग्राम हैरोइन बरामद की है। जबकि दूसरे मामलें में थाना मक्खू के एएसआई दीप सिंह ने पुलिस पार्टी के साथ गश्त व चैकिंग के दौरान शक के अधार पर दोषी दीपक उर्फ सुच्चा पुत्र जगतार सिंह वासी वार्ड नंबर 11 ईसा नगरी मक्खू को गिरफ्तार करके उसके कब्जे से 3 ग्राम हैरोइन बरामद की है। मामलों की जांच कर रहे शमशेर सिंह व दीप सिंह ने बताया कि पुलिस ने उक्त मामलों में मनीश व रणजीत पर मामले दर्ज करके अगामी कार्रवाई शुरु कर दी है।

# 27.87 ग्राम हैरोइन एवं कंप्यूटर कंडे सहित पुलिस ने 8 को किया गिरफ्तार

## गिरफ्तार लोगों पर एनडीपीएस एक्ट की धाराओं तहत मामले दर्ज

डेली आवाज भारती



**फिरोजपुर, (अमनदीप गिरधर):** जिला पुलिस ने एसएसपी फिरोजपुर भूपिन्द्र सिंह के दिशा निर्देशानुसार नशा बेचने वाले लोगों के खिलाफ चलाई मुहिम तहत बीते दिन गश्त व चैकिंग के दौरान विभिन्न मामलों में कार्रवाई करते हुए 8 लोगों को गिरफ्तार करके उनके कब्जे से 27.87 ग्राम हैरोइन एवं कंप्यूटर कंडा बरामद किया है। उक्त मामलों में पुलिस ने गिरफ्तार किए लोगों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धाराओं तहत थाना सिटी, थाना सदर फिरोजपुर, थाना घल्लखुर्द, थाना तलवंडी भाई, थाना आरफके और थाना मल्लांवाला में मामले दर्ज किए है। जानकारी अनुसार थाना सिटी फिरोजपुर की एसआई रजनी रानी ने पुलिस पार्टी के साथ गश्त व चैकिंग के दौरान गोपाल चंद पुत्र चिमन लाल वासी बस्ती आवा फिरोजपुर को शक के अदार पर गिरफ्तार करके उसके कब्जे से 3.17 ग्राम हैरोइन, थाना सदर फिरोजपुर के एएसआई जसपाल सिंह ने पुलिस पार्टी के साथ गश्त व चैकिंग के दौरान शक के अदार पर यूनस पुत्र पप्पू वासी बुर्ज मक्खन सिंह वाला हाल बस्ती खानू वाला और विशाल पुत्र किश्न वासी हीरा नगर फिरोजपुर शहर को गिरफ्तार करके उनके कब्जे से 4.62 ग्राम हैरोइन, थाना आरफके के एसआई दर्शन सिंह ने पुलिस पार्टी के साथ गश्त व चैकिंग के दौरान शक के अदार पर इंद्रजीत सिंह पुत्र मेहर सिंह वासी गांव गुलामी वाला को गिरफ्तार करके उसके कब्जे से 3.8 ग्राम हैरोइन, थाना घल्लखुर्द के एएसआई दर्शन सिंह ने पुलिस पार्टी के साथ गश्त व चैकिंग के दौरान शक के अधार पर सूरज सिंह पुत्र बिक्कर सिंह वासी वार्ड नंबर 8 कब्बर वच्छा रोड मुदकी को गिरफ्तार करके उसके कब्जे से 3 ग्राम हैरोइन, थाना तलवंडी भाई के एएसआई सर्बजीत सिंह ने पुलिस पार्टी के साथ गश्त व चैकिंग के दौरान मिली सूचना पर गुरप्रीत सिंह उर्फ सन्नी पुत्र मलकीत सिंह वासी सैभी वाली गली थाना तलवंडी भाई को गिरफ्तार करके उसके कब्जे से 4 ग्राम हैरोइन और थाना मल्लांवाला के एसआई बलविन्द्र सिंह ने पुलिस पार्टी के साथ गश्त व चैकिंग के दौरान शक के अधार पर बलजिन्द्र सिंह उर्फ बिल्ला पुत्र सुरजीत सिंह वासी मीहां सिंह वाला व सतनाम सिंह उर्फ सत्तू पुत्र अमर सिंह वासी कोहाला को गिरफ्तार करके उसके कब्जे से 6 ग्राम हैरोइन और कंप्यूटर कंडा बरामद किया है। मामलों की जांच कर रहे पुलिस अधिकारियों ने बताया कि पुलिस ने गिरफ्तार किए लोगों पर मामले दर्ज कर अगामी कार्रवाई शुरु कर दी है।

## घर में दाखिल होकर महिला व उसकी बहनों को मारपीट कर जख्मी किया

**फिरोजपुर, (अमनदीप गिरधर): थाना सिटी** फिरोजपुर की पुलिस ने बीते दिन बस्ती आवा में एक घर में दाखिल होकर महिला व उसकी बहनों को मारपीट करके जख्मी करने वाले 6 लोगों के खिलाफ मारपीट करने की विभिन्न धाराओं तहत शिकायतकर्ता पीड़िता के बयान पर मामला दर्ज किया है। जानकारी देते हुए थाना सिटी फिरोजपुर के एएसआई जगरुप सिंह ने बताया कि पुलिस को दिए बयान में शबनम पत्नी करन उर्फ धानी वासी नजदीक पानी वाली टैंकी बस्ती आवा फिरोजपर शहर ने बताया कि बीते दिन दोषी करन उर्फ धानी पुत्र पम्मा, पम्मा पुत्र गुजर, सीमा पत्नी पम्मा वासी आरफके, जिंदू पुत्र गुज्जर, सोनू पुत्र गुज्जर, नीशा पत्नी सोनू वासी गली भंडारीयां वाली नजदीक खाई अड्डा फिरोजपुर शहर जबरदस्ती से उसके घर में घूस आए और दोषियों ने पीड़िता, उसकी बहने सोनिया व सिमरन जोकि उसे बठिंडा से मिलने के लिए आई हुई थी के साथ मारपीट की और उन्हें जख्मी कर दिया। जिसके बाद दोषी वहां से फरार हो गए। मामले की जांच कर रहे जगरुप सिंह ने बताया कि पुलिस ने उक्त मामलें में दोषियों पर मामला दर्ज करके अगामी कार्रवाई शुरु कर दी है।

# परमिंदर सिंह गोल्डी को हलका इंचार्ज की जिम्मेदारी मिलने पर बधाई

डेली आवाज भारती



**खरड़, (संदीप अकालगढ़िया):** परमिंदर सिंह गोल्डी को हलका इंचार्ज की जिम्मेदारी मिलने पर किसान विंग मोहाली और कांसल यूथ विंग के गणमान्य सदस्यों ने उनसे मुलाकात कर बधाई दी इस अवसर पर नेताओं और साथियों ने परमिंदर सिंह गोल्डी को नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दीं और हर संभव सहयोग का भरोसा दिलाया। इस अवसर पर परमिंदर सिंह गोल्डी ने बधाई देने पहुंचे किसान विंग मोहाली और कांसल यूथ विंग के सभी गणमान्य सदस्यों का धन्यवाद करते हुए कहा कि उनके द्वारा दिया गया प्यार, सम्मान और उन पर जताया गया विश्वास उनके लिए बेहद मूल्यवान है उन्होंने कहा कि साथियों की शुभकामनाओं से उनका हौसला और भी मजबूत हुआ है। उन्होंने कहा कि उन्हें सौंपी गई जिम्मेदारी को वह पूरी ईमानदारी और लगन से निभाएंगे तथा हलके की बेहतरी के लिए लगातार काम करते रहेंगे उन्होंने भरोसा दिलाया कि साथियों द्वारा उन पर जताए गए विश्वास को हमेशा कायम रखने के लिए पूरी मेहनत और प्रतिबद्धता के साथ कार्य किया जाएगा।

# श्री गुरु रविदास महाराज जी की महान शिक्षाओं को घर-घर पहुंचाना पंजाब सरकार की प्राथमिकता: कैबिनेट मंत्री बरिंदर कुमार गोयल

डेली आवाज भारती



**श्री** गुरु रविदास महाराज जी की महान शिक्षाओं को घर-घर पहुंचाना पंजाब सरकार की प्राथमिकता- कैबिनेट मंत्री बरिंदर कुमार गोयल* *लहरागागा में 500 ड्रोन के शानदार शो ने बांधा समां; गुरु जी के जीवन, बाणी और दर्शन को दर्शाते दृश्य बने आकर्षण का केंद्र** *श्री गुरु रविदास जी बाणी अध्ययन केंद्र की स्थापना गुरु जी की शाश्वत शिक्षाओं के प्रति पंजाब सरकार की श्रद्धा और प्रतिबद्धता का प्रतीक- कैबिनेट मंत्री* लहरागागा/संगरूर, 6 सितंबर- श्री गुरु रविदास महाराज जी के 650वें प्रकाश पर्व को समर्पित पंजाब सरकार द्वारा पूरे राज्य में आयोजित किए जा रहे विशेष समागमों की श्रृंखला के तहत लहरागागा में 500 ड्रोन का शानदार शो आयोजित किया गया। रात के आकाश में एक साथ उड़ते सैकड़ों ड्रोन के माध्यम से श्री गुरु रविदास महाराज जी के जीवन, बाणी, विचारधारा और महान दर्शन को दर्शाते मनमोहक दृश्य प्रस्तुत किए गए, जिन्होंने उपस्थित संगत को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री श्री बरिंदर कुमार गोयल ने कहा कि श्री गुरु रविदास महाराज जी की बाणी और शिक्षाएं संपूर्ण मानवता को समानता, भाईचारे, मेहनत, सदाचार और सांझीवालता का मार्ग दिखाती हैं। गुरु जी ने जात-पात, ऊंच-नीच और सामाजिक भेदभाव के विरुद्ध आवाज बुलंद करते हुए यह संदेश दिया कि मनुष्य की महानता उसके जन्म या कुल में नहीं, बल्कि उसके अच्छे कर्मों, उच्च आचरण और मानवता के प्रति समर्पण में है। श्री गोयल ने कहा कि मुख्यमंत्री स. भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार द्वारा श्री गुरु रविदास महाराज जी के 650वें प्रकाश पर्व को समर्पित एक वर्ष तक चलने वाले समागमों के लिए 100 करोड़ रुपये से अधिक का बजट रखा गया है। इन समागमों का मुख्य उद्देश्य गुरु साहिब के महान विचारों और मानवता की भलाई के लिए दिए संदेश को नई पीढ़ी तक आधुनिक एवं प्रभावशाली ढंग से पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि श्री गुरु रविदास महाराज जी की शाश्वत शिक्षाओं और दिव्य संदेश के प्रति श्रद्धा एवं सम्मान व्यक्त करते हुए पंजाब सरकार द्वारा जालंधर के डेरा सचखंड बल्लां में 'श्री गुरु रविदास जी बाणी अध्ययन केंद्र' की स्थापना की जा रही है। उन्होंने बताया कि यह केंद्र 10.4 एकड़ क्षेत्र में स्थापित किया जाएगा और इसकी कुल लागत 37 करोड़ रुपये होगी। इसमें से 11 करोड़ रुपये भूमि के लिए तथा 60 लाख रुपये आवश्यक मंजूरियों के लिए खर्च किए जा चुके हैं, जबकि केंद्र के निर्माण के लिए आवश्यक शेष पूरा खर्च भी पंजाब सरकार द्वारा किया जाएगा। कैबिनेट मंत्री ने बताया कि पंजाब सरकार द्वारा पूरे राज्य में 92 विशेष ड्रोन शो आयोजित किए जा रहे हैं। आधुनिक डिजिटल तकनीक के माध्यम से गुरु जी के जीवन, बाणी और शिक्षाओं को रात के आकाश में जीवंत रूप में प्रस्तुत करने का यह प्रयास युवा पीढ़ी को गुरु साहिब की महान विचारधारा से जोड़ने के उद्देश्य से किया गया है। उन्होंने कहा कि ड्रोन शो के अलावा संत-महापुरुषों के मार्गदर्शन और सुझावों के अनुसार कीर्तन दरबार, विश्वविद्यालयों में सेमिनार, स्कूल स्तर पर प्रतियोगिताएं तथा गुरु जी के जीवन, बाणी और शिक्षाओं पर आधारित डॉक्यूमेंट्री फिल्म की स्क्रीनिंग सहित विभिन्न धार्मिक, सांस्कृतिक और शैक्षणिक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

page 5_Layout 1 06-09-2026 20:29 Page 1



# 'रन फॉर इक्कलिटी' मैराथन को रूपनगर शहर में मिला भरपूर समर्थन

## श्री गुरु रविदास जी के 650वें प्रकाश पर्व को समर्पित मैराथन में विद्यार्थियों, युवाओं, बच्चों और बुजुर्गों ने उत्साहपूर्वक लिया भाग

डेली आवाज भारती

**रूपनगर।** श्री गुरु रविदास जी के 650वें प्रकाश पर्व को समर्पित पंजाब सरकार द्वारा करवाए जा रहे कार्यक्रमों की श्रृंखला के तहत जिला प्रशासन रूपनगर द्वारा आज रूपनगर शहर में 'रन फॉर इक्कलिटी' 6.5 किलोमीटर मैराथन करवाई गई। मैराथन को शहरवासियों, विद्यार्थियों, युवाओं, बच्चों और बुजुर्गों की ओर से भरपूर समर्थन मिला। बड़ी संख्या में लोगों ने उत्साह के साथ इसमें भाग लेकर समानता, भाईचारे, एकता, शांति और स्वस्थ जीवन का संदेश दिया।

मैराथन की शुरुआत विधायक दिनेश चड्ढा, एस.एस.पी. मनिंदर सिंह, अतिरिक्त उपायुक्त चंद्रज्योति सिंह और अन्य प्रमुख हस्तियों ने हरी झंडी दिखाकर प्रतिभागियों को रवाना करके की। इस अवसर पर प्रशासन के विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारी, खिलाड़ी, विद्यार्थी, शहरवासी और बड़ी संख्या में युवा मौजूद रहे।

यह मैराथन डॉ. बी.आर. अंबेडकर भवन (ज्ञानी जैल सिंह नगर), रूपनगर से शुरू हुई और शहर के विभिन्न हिस्सों से गुजरते हुए लगभग 6.5 किलोमीटर का

■ **विधायक दिनेश च ा, एस.एस.पी. मनिंदर सिंह और अतिरिक्त उपायुक्त चंद्रज्योति सिंह ने हरी झंडी दिखाकर मैराथन को किया रवाना**

सफर तय कर वापस डॉ. बी.आर. अंबेडकर भवन में आकर संपन्न हुई। इस दौरान सड़कों पर बड़ी संख्या में मैराथन में शामिल प्रतिभागियों ने उत्साह और जोश के साथ दौड़ते हुए श्री गुरु रविदास जी की शिक्षाओं पर चलने का संदेश दिया। इस अवसर पर हलका रूपनगर के विधायक एडवोकेट श्री दिनेश चड्ढा ने कहा कि श्री गुरु रविदास जी की वाणी और विचारधारा संपूर्ण मानवता को समानता, आपसी सम्मान और भाईचारे का संदेश देती है। उन्होंने कहा कि 'रन फॉर इक्कलिटी' जैसे कार्यक्रमों का उद्देश्य केवल युवाओं को खेलों से जोड़ना ही नहीं, बल्कि खेलों के माध्यम से श्री गुरु रविदास जी की समानता की विचारधारा को नई पीढ़ी तक पहुंचाना भी है।

उन्होंने कहा कि खेल युवाओं की ऊर्जा को रचनात्मक दिशा प्रदान



करते हैं और उनमें अनुशासन, सहनशीलता, टीम भावना तथा आत्मविश्वास पैदा करते हैं। उन्होंने मैराथन में बड़ी संख्या में विद्यार्थियों और युवाओं की भागीदारी पर खुशी व्यक्त करते हुए सभी प्रतिभागियों को बधाई दी। इस अवसर पर एस.सी. मोर्चा पंजाब के अध्यक्ष श्री गुरप्रीत सिंह जी.पी. ने मैराथन में विशेष रूप से शिरकत की। उन्होंने भाग लेने वाले युवाओं, विद्यार्थियों, बच्चों और बुजुर्गों को मेडल वितरित किए तथा उनका हौसला बढ़ाते हुए कहा कि श्री गुरु रविदास जी की शिक्षाएं आज भी संपूर्ण मानवता के लिए प्रेरणा का स्रोत हैं।

उन्होंने कहा कि समानता केवल एक विचार नहीं, बल्कि समाज को मजबूत बनाने का आधार है। 'रन फॉर इक्कलिटी' मैराथन में हर आयु वर्ग के लोगों की भागीदारी इस बात का प्रतीक है कि श्री गुरु रविदास जी का समानता और भाईचारे का संदेश लोगों के दिलों में गहराई से बसा हुआ है। एस.एस.पी. रूपनगर श्री मनिंदर सिंह ने कहा कि खेल और शारीरिक गतिविधियां स्वस्थ एवं अनुशासित समाज के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। उन्होंने कहा कि 'रन फॉर इक्कलिटी' मैराथन ने लोगों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करने के साथ-साथ आपसी एकता और भाईचारे का संदेश भी दिया है। उन्होंने मैराथन में उत्साह के साथ भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे प्रयासों में समाज के हर वर्ग की भागीदारी युवा पीढ़ी के लिए एक सकारात्मक और प्रेरणादायक संदेश है।

अतिरिक्त उपायुक्त रूपनगर चंद्रज्योति सिंह ने कहा कि जिला प्रशासन की ओर से श्री गुरु रविदास जी के 650वें प्रकाश पर्व को समर्पित विभिन्न गतिविधियां करवाई जा रही हैं, जिनका मुख्य उद्देश्य गुरु साहिब की महान शिक्षाओं को लोगों तक पहुंचाना और युवा पीढ़ी को उनके विचारों से जोड़ना है। उन्होंने कहा कि 'रन फॉर इक्कलिटी' मैराथन के माध्यम से श्री गुरु रविदास जी के समानता, मानवीय एकता और भाईचारे के संदेश को लोगों तक पहुंचाने का एक प्रभावी प्रयास किया गया है। उन्होंने मैराथन को सफल बनाने के लिए सहयोग देने वाले सभी विभागों, अधिकारियों, संस्थाओं, विद्यार्थियों, खिलाड़ियों और

■ **एस.सी. मोर्चा पंजाब के अध्यक्ष गुरप्रीत सिंह जी.पी. ने की शिरकत; प्रतिभागियों को मेडल वितरित कर बढ़ाया हौसला**

शहरवासियों का धन्यवाद किया। मैराथन में शामिल प्रत्येक प्रतिभागी का हौसला बढ़ाते हुए मुख्य मेहमानों और प्रमुख हस्तियों द्वारा मेडल प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस दौरान बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक हर वर्ग के लोगों में विशेष उत्साह देखने को मिला। इस अवसर पर जिला खेल अधिकारी श्री जगजीवन सिंह ने खेल विभाग और जिला प्रशासन रूपनगर की ओर से 'रन फॉर इक्कलिटी' मैराथन में शामिल हुए 1000 से अधिक प्रतिभागियों का विशेष रूप से धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों, युवाओं, बच्चों, बुजुर्गों, खिलाड़ियों और शहरवासियों की ओर से दिखाए गए उत्साह और सहयोग के कारण यह मैराथन सफलतापूर्वक संपन्न हुई। उन्होंने कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग देने वाले सभी विभागों, अधिकारियों, कोचों, स्वयंसेवकों और प्रतिभागियों का धन्यवाद करते हुए कहा कि ऐसे प्रयास युवाओं को खेलों और स्वस्थ जीवन से जोड़ने के साथ-साथ समाज में समानता, एकता और भाईचारे की भावना को और मजबूत करते हैं। इस अवसर पर नगर परिषद रूपनगर के अध्यक्ष इंद्रपाल सिंह राजू सत्याल, चेयरमैन भाग सिंह मदान, चेयरमैन शिव कुमार लालपुरा, जिला युवा अध्यक्ष चेतन कालिया, जिला खेल अधिकारी जगजीवन सिंह, जिला लोक संपर्क अधिकारी करण मेहता, जिला परिषद सदस्य जरनैल सिंह लाली, डॉ. राजीव अग्रवाल, डॉ. जगदीप चौधरी, डॉ. कमल चौधरी, एम.सी. सुखजिंदर फौजी, गोल्डी पुरखाली, अमनदीप सिंह लाडी कोच, गुरविंदर सिंह जग्गी, इंद्रजीत सिंह बाला, गुरदित्त सिंह बाला, विक्रांत चौधरी, समिति सदस्य केवल कृष्ण, बनवारी लाल मट्ठ, कुलतार सिंह, खेल विभाग के कोच जी.एस. चीमा, लवजीत कंग, शील भगत, तनवीर कौर, इंद्रजीत सिंह, पिंकास धीमान, यश राजौरियां, नरेश रजौरियां, वंदना बहारी, उकरदीप कौर, रविंदरजीत कौर, सुनीता रानी, रीतू, नवदीप सिंह, जगरूप सिंह के अलावा बड़ी संख्या में शहरवासी और गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

# मोहनजीत सिंह शेरो पर हुए अत्याचार की कड़ी निंदा, किसान लगातार बिजली कटौती से परेशान हैं : कलवंत सिंह खोसा, आत्मा सिंह धड़कोट

डेली आवाज भारती

**निहाल सिंह वाला/पत्रकार राकेश कुमार सिंगला हिम्मतपुरा :** शेरे-ए-पंजाब किसान यूनियन के स्टेट वाइस प्रेसिडेंट कुलवंत सिंह खोसा फौजी, डिस्ट्रिक्ट प्रेसिडेंट आत्मा सिंह धुरकोट ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि शेरो गांव में पंजाब के मुख्यमंत्री मोहनजीत सिंह सेरो के दौरे के दौरान, वह अपने घर की छत पर खड़े होकर काला झंडा दिखाने, डेमोक्रेटिक डेमोक्रेसी में रहने, सच बोलने, ड्रग्स से मर रहे पंजाब के युवाओं को बचाने के लिए गए थे, लेकिन वहां के ष्ठस्क्करवैरा ने पुलिस पार्टी के साथ मोहनजीत सिंह पर अत्याचार किया, उनके कपड़ों की बेअदबी की, और उन्हें बेइज्जत किया। इससे बुरा कुछ नहीं हो सकता। शेरे-ए-पंजाब किसान यूनियन इसकी कड़ी निंदा करती है और मांग करती है कि इन अधिकारियों को सस्पेंड किया जाए और उनके खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाए। धान की फसल पक चुकी है और कुछ अगेती धान पकने की कगार पर है लेकिन सरकार ने आठ घंटे बिजली देने का वादा किया था लेकिन आठ घंटे में से घटाकर सिर्फ़ चार घंटे कर दिया गया है। वह भी कटौती के रूप में। भगवंत मान सरकार पूरी तरह से फेल हो चुकी है। अगर कोई पत्रकार उनसे सवाल करता है तो उसे पर्चे दिए जाते हैं। अगर कोई पंजाब को ड्रग्स से बचाने की बात करता है तो उस पर जुल्म किया जाता है। आज पंजाब में पुलिस राज बोल रहा है। कैबिनेट मंत्री अमन अरोड़ा का यह बेतुका बयान कि पुलिस ने कसम खाकर कहा कि हमने जुल्म नहीं किया, इसका मतलब है कि अमन अरोड़ा जी अपने पसंदीदा पुलिस अधिकारियों को बचाने के लिए ऐसे बेतुके बयान दे रहे हैं जो बहुत निंदनीय हैं। जब किसान अपनी जायज़ मांगों को पूरा करने के लिए संघर्ष करते हैं तो उन पर लाठीचार्ज होता है, उन पर आंसू गैस के गोले फेंके जाते हैं, उनकी ट्रॉलियां चोरी हो जाती हैं और सिलेंडर भी चोरी हो जाते हैं। यही वह सरकार है जिसने बदलाव लाया और पंजाब को सोने की चिड़िया बनाया।

# पंचकूला में मनाया गया अंतरराष्ट्रीय गिद्ध जागरूकता दिवस

## भूपेंद्र यादव बोले- गिद्धों का संरक्षण पूरे इकोसिस्टम के लिए जरूरी

डेली आवाज भारती

**पंचकूला। अंतरराष्ट्रीय** गिद्ध जागरूकता दिवस 2026 रविवार को हरियाणा के पंचकूला में मनाया गया। इस मौके पर केंद्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव ने %संकट से सुधार की ओर- भारत के गिद्धों का संरक्षण% थीम पर राष्ट्रीय कार्यशाला का उद्घाटन किया।




कार्यक्रम में हरियाणा के पर्यावरण, वन और वन्यजीव राज्य मंत्री राव नरबीर सिंह के अलावा केंद्रीय पर्यावरण मंत्रालय और हरियाणा सरकार के वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे। यह कार्यक्रम पर्यावरण मंत्रालय, केंद्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण, हरियाणा वन और वन्यजीव विभाग, बॉम्बे नेचुरल हिस्ट्री सोसाइटी और जटायु संरक्षण प्रजनन केंद्र , पिंजौर के सहयोग से आयोजित किया गया। इसमें वरिष्ठ वन अधिकारी, वैज्ञानिक, पशु चिकित्सक, चिड़ियाघर के पेशेवर और संरक्षण से जुड़े कई लोग शामिल हुए।

सभा को संबोधित करते हुए भूपेंद्र यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार का पर्यावरण संरक्षण का नजरिया किसी एक प्रजाति तक सीमित नहीं है, बल्कि पूरे इकोसिस्टम को बचाने पर आधारित है। यह बात बिग कैट, स्लॉथ बियर, ग्रेट इंडियन बस्टर्ड, डॉल्फिन, घड़ियाल, जंगली भैंस या गिद्धों के संरक्षण की पहलों में दिखती है। उन्होंने बताया कि भारत में कई तरह के गिद्ध पाए जाते हैं, जैसे सफेद पीठ वाले, लंबी चोंच वाले, पतली चोंच वाले, लाल सिर वाले, मिस्री, हिमालयन ग्रिफॉन, यूरेशियन ग्रिफॉन, सिनेरियस और दाढ़ी वाले गिद्ध। भारत इनके संरक्षण के लिए लगातार काम कर रहा है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि गिद्ध प्रकृति के सबसे कुशल सफाईकर्मी हैं। वे जानवरों के शवों को तेजी से खाकर पोषक तत्वों को रीसाइकिल करने और पर्यावरण का संतुलन बनाए रखने में मदद करते हैं। उन्होंने कहा कि 1990 के दशक से भारत में गिद्धों की संख्या में तेजी से गिरावट देखी गई, जिसका मुख्य कारण उनकी खाद्य श्रृंखला में बाधा और जानवरों के लिए इस्तेमाल होने वाली दर्द निवारक दवाएं थीं, जिसे खाने से गिद्ध मरने लगे। दुनिया जलवायु परिवर्तन और मानव-पशु संघर्ष जैसी चुनौतियों का सामना कर रही है। उन्होंने कहा कि गिद्ध संरक्षण के लिए 'पूरी सरकार' और 'पूरा समाज' के नजरिए से मिलकर काम करने की जरूरत है। उन्होंने गिद्ध-सुरक्षित पशु चिकित्सा, सुरक्षित भोजन की उपलब्धता और तकनीकी क्षमता बढ़ाकर गिद्ध सुरक्षित क्षेत्र बनाने पर जोर दिया। उन्होंने पशु चिकित्सकों, पशुपालकों और स्थानीय लोगों से सुरक्षित शव प्रबंधन को बढ़ावा देने की अपील की। इससे पहले केंद्रीय मंत्री ने पिंजौर स्थित जेसीबीसी का दौरा किया, वहां की सुविधाओं को देखा और अधिकारियों से बातचीत की। यह केंद्र हरियाणा वन विभाग और बीएनएचएस की संयुक्त पहल है, जो सफेद पीठ वाले, लंबी चोंच वाले और पतली चोंच वाले गिद्धों के प्रजनन के लिए अहम केंद्र बन गया है। बताया गया कि 2025-26 में केंद्र में 356 गिद्ध थे और 35 चूजों का प्रजनन हुआ। 87 गिद्धों को जंगल में छोड़ा गया, 90 पक्षियों को अन्य संस्थानों में भेजा गया और 22 संस्थानों के 1222 लोगों को प्रशिक्षण दिया गया।

हरियाणा के मंत्री राव नरबीर सिंह ने कहा कि संरक्षण की सफलता सिर्फ पैदा हुए जानवरों की संख्या से नहीं, बल्कि स्वस्थ आबादी, वैज्ञानिक ज्ञान और जंगल में प्रजाति की वापसी से मापी जानी चाहिए। इस दौरान स्टोरी ऑफ जटायु ¬ सेविंग इंडियाज वल्चर कॉफी टेबल बुक का विमोचन भी हुआ और गिद्ध संरक्षण पर हुई ड्राइंग व फोटोग्राफी प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कार दिए गए।

# जेलों की सुरक्षा से समझौता नहीं, आधुनिक तकनीक से मजबूत होगी पहरेदारी : डॉ. अरविंद शर्मा

डेली आवाज भारती

**चंडीगढ़। हरियाणा** के सहकारिता, पर्यटन, कारागार एवं निर्वाचन मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने कहा कि प्रदेश की जेलों को सुरक्षित और आधुनिक बनाने के लिए तकनीक का अधिकतम इस्तेमाल किया जा रहा है। अंबाला जेल में पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर शुरू की गई टावर हार्मोनिक्स कॉल ब्लॉकिंग प्रणाली ने अवैध मोबाइल फोन के जरिए कॉल और इंटरनेट के इस्तेमाल पर प्रभावी रोक लगाने में सफलता हासिल की है। इसके सकारात्मक परिणामों के बाद अब प्रदेश की अन्य जेलों में भी इस



तकनीक को लागू करने की दिशा में कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जेलों के भीतर अवैध मोबाइल फोन का इस्तेमाल रोकना विभाग की प्राथमिकता है। मोबाइल फोन बरामद करने के साथ-साथ उसके इस्तेमाल की संभावना को ही समाप्त करना अधिक प्रभावी उपाय है। इसी उद्देश्य से आधुनिक तकनीक का इस्तेमाल किया जा रहा है और जेलों की सुरक्षा से किसी भी स्तर पर समझौता नहीं किया जाएगा। जैमर के बजाय टावर आधारित प्रणाली इस तकनीक की खासियत यह है कि इसके लिए पारंपरिक मोबाइल जैमर लगाने की आवश्यकता नहीं पड़ती। जेल परिसर में विशेष टावर लगाए जाते हैं, जिनके माध्यम से वहां मौजूद मोबाइल फोन को लक्षित तरीके से नियंत्रित किया जाता है। इससे जेल परिसर में मोबाइल नेटवर्क को पूरी तरह बाधित किए बिना अवैध फोन के इस्तेमाल पर रोक लगाई जा सकती है।

# 17 सितंबर से शुरू होगा 'सेवा ही संकल्प अभियान' : कृष्ण कुमार बेदी

डेली आवाज भारती

**चंडीगढ़।** हरियाणा के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने रविवार को नरवाना में पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में क्षेत्रवासियों की समस्याएं सुनीं तथा उनके समाधान के लिए संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि आमजन की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान सुनिश्चित किया जाए तथा पात्र नागरिकों को सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ समयबद्ध तरीके से उपलब्ध करवाया जाए। इस अवसर पर मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन तथा 25 वर्ष जनसेवा के पूर्ण होने के उपलक्ष्य में प्रदेश में 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक 'सेवा ही संकल्प अभियान' चलाया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह अभियान प्रदेशभर में सेवा, सुशासन, जनभागीदारी और विकास की भावना को और अधिक मजबूत करने वाला होगा। इस अभियान को प्रभावी एवं सफल बनाने के लिए व्यापक स्तर पर तैयारियां की जा रही हैं। गौरतलब है कि मंत्री कृष्ण कुमार बेदी को इस अभियान का राज्य स्तरीय प्रभारी बनाया गया है। मंत्री ने बताया कि अभियान के दौरान प्रदेश के सभी 90 विधानसभा क्षेत्रों में 180 स्थानों पर विशेष जनसेवा कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

# चत्तरगढ़पट्टी आरओबी का काम जल्द शुरू हो, टोहाना में प्रमुख ट्रेनों का ठहराव मिले : कुमारी सैलजा

डेली आवाज भारती

**सिरसा।** सिरसा की सांसद, पूर्व केंद्रीय मंत्री, अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव एवं सीडब्ल्यूसी सदस्य कुमारी सैलजा ने केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को दो अलग-अलग पत्र लिखकर सिरसा संसदीय क्षेत्र से जुड़ी रेलवे समस्याओं के शीघ्र समाधान की मांग की है। उन्होंने सिरसा में चत्तरगढ़ पट्टी रेलवे ओवरब्रिज का निर्माण जल्द शुरू करवाने के साथ निर्माण अवधि के दौरान छोटे वाहनों के लिए पुराने रेलवे फाटक अथवा माल गोदाम के पास वैकल्पिक रास्ता उपलब्ध करवाने का आग्रह किया है। इसके अलावा सांसद ने टोहाना रेलवे स्टेशन पर प्रमुख एक्सप्रेस ट्रेनों का ठहराव देने की मांग भी उठाई है। कुमारी सैलजा ने कहा कि चत्तरगढ़ पट्टी की ओर से निर्माण कार्य शुरू करने के लिए लोक निर्माण विभाग को जन स्वास्थ्य विभाग की स्वीकृति मिल चुकी है, लेकिन इसके बावजूद काम प्रारंभ नहीं हो पाया। इससे शहर के पूर्वी और पश्चिमी हिस्सों के बीच आवागमन प्रभावित हो रहा है। छोटे वाहन चालकों, दोपहिया वाहन चालकों और साइकिल सवारों को लंबा चक्कर लगाना पड़ रहा है। उन्होंने रेल मंत्री से संबंधित अधिकारियों को निर्देश देकर पुराने रेलवे फाटक को छोटे एवं हल्के वाहनों के लिए अस्थायी रूप से खोलने या रेलवे माल गोदाम के पास वैकल्पिक मार्ग विकसित करवाने की मांग की। दूसरे पत्र में सांसद ने टोहाना रेलवे स्टेशन पर हजूर साहिब-अमृतसर एक्सप्रेस 12421/12422, हजूर साहिब नांदेड़-फिरोजपुर एक्सप्रेस 14621/14622 तथा हजूर साहिब नांदेड़-श्रीगंगानगर एक्सप्रेस 12485/12486 व 12439/12440 का ठहराव देने का अनुरोध किया है। उन्होंने कहा कि टोहाना क्षेत्र से बड़ी संख्या में श्रद्धालु श्री हजूर साहिब, नांदेड़ और अन्य प्रमुख धार्मिक स्थलों की यात्रा करते हैं।

# राज्य सरकार से सलाह किए बिना जस्टिस अश्विनी कुमार मिश्रा को पंजाब और हरियाणा हाई कोर्ट का चीफ जस्टिस बनाने पर मंत्री हरपाल चीमा ने उठाए सवाल

डेली आवाज भारती

**चंडीगढ़/जालंधर :** आम आदमी पार्टी (आप) के सीनियर नेता और पंजाब के कैबिनेट मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने रविवार को जस्टिस अश्विनी कुमार मिश्रा को पंजाब सरकार से बिना किसी सलाह के पंजाब और हरियाणा हाई कोर्ट का चीफ जस्टिस बनाने पर कड़ी आपत्ति जताई। उन्होंने कहा कि जिस तरह से यह नियुक्ति किया गया है, उससे पंजाब के संवैधानिक अधिकारों और देश के फेडरल स्ट्रक्चर के प्रति केंद्र के सम्मान पर गंभीर सवाल उठे हैं। इस दौरान उनके साथ आप नेता तरनप्रीत सिंह सन्नी भी मौजूद थे। जालंधर में प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए कैबिनेट मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने कहा कि नियुक्ति को अंतिम रूप देने से पहले पंजाब सरकार को अपना पक्ष रखने का मौका नहीं दिया गया। उन्होंने आगे कहा, ÷जिस तरह से यह नियुक्ति की गई है, उससे पंजाब

■ **भाजपा एमपी सरकार ने जस्टिस सीएस संधावालिया को एमपी हाई कोर्ट की नियुक्ति को 2 महीने से ज़्यादा देर क्यों की? हरपाल सिंह चीमा**



के संवैधानिक अधिकारों और देश के फेडरल स्ट्रक्चर के प्रति केंद्र के सम्मान पर बड़े सवाल उठते हैं। नियुक्ति को तय करने से पहले पंजाब सरकार को अपने विचार पेश करने का अवसर नहीं दिया गया। मंत्री ने कहा कि यह मामला इसलिए भी बहुत गंभीर है क्योंकि ऐसे नियुक्ति को कंट्रोल करने वाले मेमोरेंडम ऑफ प्रोसीजर में संबंधित राज्य सरकार के विचारों को ध्यान में रखने का साफ प्रोविजन है। उन्होंने कहा, ÷पंजाब के गवर्नर का 12 अगस्त, 2026 को मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान को भेजा गया लेटर और केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल का लेटर, दोनों में इस संबंधित प्रक्रिया का जक्रि था।÷

मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने कहा, ÷नियमों के मुताबिक राज्य सरकार की राय ज़रूरी होने के बावजूद, चीफ जस्टिस की नियुक्ति से पहले पंजाब सरकार से कोई सलाह-मशविरा नहीं किया गया। यह सिर्फ़ नियुक्ति का मुद्दा नहीं है, बल्कि यह पंजाब के अधिकारों और संवैधानिक फेडरल स्ट्रक्चर का मुद्दा है।÷ उन्होंने पंजाब और हरियाणा हाई कोर्ट के उस समय के सबसे सीनियर जज, जस्टिस जी.एस. संधावालिया के प्रति केंद्र सरकार के पिछले रवैये पर भी सवाल उठाए। उन्होंने याद दिलाया, ÷सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने जुलाई 2024 में जस्टिस संधावालिया को मध्य प्रदेश हाई कोर्ट का चीफ जस्टिस नियुक्त करने की सिफारिश की थी, लेकिन हिमाचल प्रदेश हाई कोर्ट का चीफ जस्टिस नियुक्त होने से पहले नियुक्ति को दो महीने से ज़्यादा समय तक रोक कर रखा गया। मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने कहा, ÷मैं पूछना चाहता हूं कि कॉलेजियम की सिफारिश के बावजूद जस्टिस जीएस संधावालिया को मध्य प्रदेश का चीफ जस्टिस बनाने में देरी क्यों की गई, जबकि जस्टिस अश्विनी कुमार मिश्रा को पंजाब सरकार से सलाह लिए बिना पंजाब और हरियाणा हाई कोर्ट का चीफ जस्टिस क्यों नियुक्त किया गया?उन्होंने कहा, ÷इससे एक बुनियादी सवाल उठता है÷ अगर राज्य सरकार की सलाह तय प्रोसेस का हिस्सा है, तो पंजाब की चुनी हुई सरकार से सलाह क्यों नहीं ली गई? मुख्यमंत्री तीन करोड़ पंजाबियों के जनादेश को रिप्रेजेंट करते हैं। चुनी हुई राज्य सरकार को नज़रअंदाज़ करना न केवल मुख्यमंत्री बल्कि पंजाब के लोगों का भी अपमान है। मंत्री ने आगे कहा, ÷इस मुद्दे पर पंजाब कैबिनेट में तुरंत चर्चा की ज़रूरत थी। इसलिए, मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने इस मामले पर चर्चा करने के लिए रविवार शाम 4 बजे एक इमरजेंसी कैबिनेट मीटिंग बुलाई है। इस नियुक्ति को राज्य के अधिकारों से जुड़ा एक गंभीर मुद्दा बताते हुए, मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने कहा, ÷संविधान एक फेडरल ढांचा बनाता है जिसमें केंद्र और राज्य दोनों के अधिकार साफ तौर पर तय हैं। केंद्र बार-बार राज्यों के अधिकारों में दखल नहीं दे सकता। पंजाब सरकार अपने संवैधानिक अधिकारों और फेडरल ढांचे को कमजोर करने की किसी भी कोशिश के खिलाफ मजबूती से आवाज उठाएगी।

प्रकाशक एवं मुख्य संपादक - रीतू रानी। संस्थापक (फाउंडर) एवं स्थानीय संपादक (पंजाब) - हेमन्त मित्तल। चेयरमैन- श्रवण कुमार खरींटा । मैनेजिंग डायरेक्टर - धीरज महाजन , क्राइम आवाज इंडिया के लिए उन्हीं के द्वारा डेली आवाज भारती, बी-4/935, बैक साइड शिव मठ, राधा स्वामी स्ट्रीट बरनाला से प्रकाशित। सेनरा प्रिंटिंग प्रेस, भुटाना मोर, नजदीक ओल्ड पुलिस चौंकी, जी. टी रोड, नीलोखेरी, करनाल, हरियाणा - 132117 से मुद्रित। दूरभाष- प्रेस कार्यालय - 01762-505507 E-mail: dailyawazbharti@gmail.com, रजि. नं पीबीएचआईएन/26/ए2687 इस अंक में प्रकाशित समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी तथा उनसे उत्पन्न समस्त विवाद बरनाला न्यायालय के अधीन होंगे।

CMYK

page 6_Layout 1 06-09-2026 17:51 Page 1



# 5 आसान हेयर वॉश हैक्स बिना महंगे प्रोडक्ट्स के मिलेंगे रेशमी बाल

बालों की खूबसूरती केवल महंगे ब्रांडेड प्रोडक्ट्स या पार्लर के महंगे ट्रीटमेंट पर निर्भर नहीं करती। अक्सर हमारी रोज़मर्रा की छोटी-छोटी गलतियां बालों की कुदरती नमी छीन लेती हैं। यदि आपके बाल भी धोने के बाद उलझे रूखे और बेजान दिखने लगते हैं तो अपनी हेयर वॉश तकनीक में ये बदलाव करके देखें।सही तकनीक से करें शैंपू का इस्तेमाल शैंपू का मुख्य उद्देश्य स्कैल्प यानी सिर की त्वचा को साफ करना है। इसे पूरे बालों की लंबाई में रगड़ने के बजाय सिर्फ जड़ों में लगाएं और उंगलियों के पोरों से हल्की मसाज करें। धोते समय बहता हुआ पानी बाकी बालों को अपने आप साफ कर देता है। बालों की लंबाई को जोर से रगड़ने से वे कमजोर होकर टूटने लगते हैं।

जरूरत पड़ने पर ही दोबारा शैंपू करें कई लोग सोचते हैं कि दो बार शैंपू करने से बाल ज्यादा साफ होंगे लेकिन रोजाना या हर बार ऐसा करने से स्कैल्प का नेचुरल ऑयल खत्म हो जाता है। अगर सिर बहुत ज्यादा ऑयली या गंदा न हो तो एक बार का शैंपू ही काफी होता है।

### प्री-वॉश कॉम्बिंग की आदत डालें

गीले बाल सबसे ज्यादा नाजुक होते हैं और जल्दी टूटते हैं। इसलिए बाल धोने से ठीक पहले चौड़े दांतों वाली कंघी से बालों को सुलझा लें। इससे शैंपू करते समय बाल कम उलझेंगे और हेयर फॉल की समस्या में कमी आएगी।

### कंडीशनर लगाने का सही तरीका

कंडीशनर का काम बालों को पोषण और नमी देना है, न कि स्कैल्प को। कंडीशनर को हमेशा कानों के निचले हिस्से से शुरू करते हुए बालों के सिरों एंड्स तक लगाएं। जड़ों में कंडीशनर लगाने से स्कैल्प चिपचिपी हो जाती है और बाल तेजी से गंदे होने लगते हैं।

### ताजे या हल्के गुनगुने पानी का प्रयोग

बहुत अधिक गर्म पानी से बाल धोने पर उनका प्राकृतिक मॉइस्चर छिन जाता है जिससे स्कैल्प ड्राई हो जाती है। बालों की चमक बनाए रखने के लिए हमेशा सामान्य ताजे पानी या फिर हल्के गुनगुने पानी का ही इस्तेमाल करें। बाल धोने के बाद उन्हें तौलिए से तेजी से रगड़कर सुखाने के बजाय कॉटन टी-शर्ट या माइक्रोफाइबर टॉवल से हल्के हाथों से थपथपाकर डाब करके सुखाएं। इससे बालों का फ्रिज़ तुरंत कम होता है और बाल मुलायम बने रहते हैं।



# टाइट जूते से हाई हील तक, पैरों में क्या पहनते हैं इसका शरीर पर पड़ता है असर

**हम** अक्सर कपड़े, हेयरस्टाइल और अपनी फिटनेस पर तो खूब ध्यान देते हैं, लेकिन पैरों में क्या पहन रहे हैं, इस पर उतना गौर नहीं करते। जूते या चप्पल खरीदते समय कई लोगों के लिए डिजाइन, रंग और कीमत सबसे जरूरी होती है। लेकिन साइंस की मानें तो फुटवियर सिर्फ फैशन का हिस्सा नहीं है, बल्कि इसका सीधा संबंध पैरों की चाल, दबाव और शरीर के निचले हिस्से की मूवमेंट से भी है। गलत साइज या गलत डिजाइन का फुटवियर लंबे समय तक पहनने पर पैरों में दर्द और दूसरी परेशानियों का कारण बन सकता है। अगर जूता पैर से छोटा है या बहुत टाइट है तो पैर की उंगलियों को सही जगह नहीं मिलती। इससे उंगलियों पर लगातार दबाव पड़ता है। लंबे समय तक ऐसा होने पर पैरों में दर्द, छाले, कॉर्न और त्वचा पर मोटी परत जैसी परेशानियां हो सकती हैं। कई लोग जूता खरीदते समय सिर्फ यह देखते हैं कि पैर उसमें आ रहा है या नहीं। लेकिन जूते की चौड़ाई भी उतनी ही जरूरी है। अगर आगे से जूता बहुत संकरा है तो पैर की उंगलियां आपस में दब सकती हैं। इससे चलने में परेशानी और पैरों में दर्द हो सकता है। इसलिए ऐसा जूता बेहतर माना जाता है जिसमें उंगलियों को थोड़ा फैलने की जगह मिले। अगर आप लगातार हाई हील पहनते हैं तो यह सिर्फ पैरों तक सीमित असर नहीं डालती। रिसर्च में हाई हील्स को पैर की बनावट में बदलाव, मस्कुलोस्केलेटल दर्द और चोट के बढ़े हुए खतरे से जोड़ा गया है। एक अन्य मेटा-एनालिसिस में पाया गया कि ऊंची हील पहनने पर चलते समय घुटने पर पड़ने वाले कुछ लोड और मोमेंट बढ़ जाते हैं। लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि कभी-कभार हील पहनना हर किसी के लिए नुकसानदायक है। रोजाना लंबे समय तक हाई हील पहनना पैरों के लिए परेशानी बढ़ा सकता है। हमारे पैर जमीन पर शरीर का वजन संभालते हैं। जूते का आकार और डिजाइन बदलने पर चलने का तरीका भी थोड़ा बदल सकता है। अगर जूता सही फिट नहीं है तो पैर को सामान्य तरीके से रखने में दिक्कत हो सकती है। इसी वजह से लंबे समय तक गलत फुटवियर पहनने पर दर्द या असहजता महसूस हो सकती है। साइंस के मुताबिक, जूता ऐसा होना चाहिए जिसमें पैर आराम से रहे। उंगलियों पर ज्यादा दबाव न पड़े, एड़ी बार-बार जूते से बाहर न निकले और चलते समय पैर को परेशानी न हो। अगर जूता पहनने के कुछ देर बाद ही पैर में दर्द, जलन या दबाव महसूस होने लगे तो उसे नजरअंदाज नहीं करना चाहिए।



# बार-बार शरीर में होती है अकड़न?


## डाइट में शामिल करें ये चीजें, लचीलापन बढ़ेगा



**शरीर** का लचीलापन सिर्फ इस बात पर निर्भर नहीं करता कि आप कितनी देर तक स्ट्रेचिंग करते हैं। आपके खाने का भी इसमें बड़ा योगदान हो सकता है। अगर शरीर को रोजाना सही मात्रा में प्रोटीन, विटामिन और जरूरी तत्व नहीं मिल रहे हैं तो मांसपेशियों की ताकत और उनकी काम करने की क्षमता प्रभावित हो सकती है। वहीं संतुलित खाना शरीर को व्यायाम के बाद खुद को ठीक करने और मजबूत बनाने में मदद करता है। हालांकि यह बात साफ है कि कोई एक फल, सब्जी या दूसरा खाद्य पदार्थ खाने से शरीर अचानक लचीला नहीं हो जाता। इसके लिए सही खान-पान के साथ नियमित व्यायाम और स्ट्रेचिंग भी जरूरी है। सबसे पहले बात प्रोटीन वाले खाने की तो अंडा, दूध, दही, पनीर, सोया, चना, राजमा और चिकन इसके अच्छे स्रोत हैं। प्रोटीन शरीर की मांसपेशियों को बनाने और उनकी मरम्मत करने में मदद करता है। जब हम कसरत करते हैं तो मांसपेशियों पर थोड़ा दबाव पड़ता है। इसके बाद शरीर को उनकी मरम्मत के लिए अमीनो एसिड की जरूरत होती है, जो प्रोटीन से मिलते हैं। मजबूत और स्वस्थ मांसपेशियां शरीर के अंगों को बेहतर तरीके से हिलाने-डुलाने में मदद करती हैं। प्रोटीन सीधे तौर पर शरीर को लचीला नहीं बनाता, लेकिन लचीलेपन के लिए जरूरी मांसपेशियों को स्वस्थ रखने में मदद करता है। विटामिन सी भी इस मामले में काफी काम का है। आंवला, अमरूद, नींबू, संतरा, कीवी, टमाटर और शिमला मिर्च जैसे खाद्य पदार्थों में विटामिन सी अच्छी मात्रा में पाया जाता है। शरीर में विटामिन सी का एक महत्वपूर्ण काम कोलेजन बनाने में मदद करना है। कोलेजन एक तरह का प्रोटीन है, जो त्वचा के अलावा हड्डियों, जोड़ों और मांसपेशियों को जोड़कर रखने वाले हिस्सों को मजबूती देने में मदद करता है। शरीर में कोलेजन बनाने के लिए विटामिन सी की जरूरत होती है। यही वजह है कि विटामिन सी से भरपूर फल और सब्जियां शरीर के इन हिस्सों की सामान्य सेहत बनाए रखने में मदद करती हैं। अब बात मैग्नीशियम की। बादाम, काजू, तिल, कद्दू के बीज, साबुत अनाज, पालक और दूसरी हरी सब्जियां मैग्नीशियम के अच्छे स्रोत हैं। यह तत्व हमारी मांसपेशियों और नसों के सामान्य कामकाज के लिए जरूरी होता है। जब हम हाथ-पैर हिलाते हैं तो मांसपेशियां कभी सिकुड़ती हैं और कभी ढीली होती हैं। इस पूरी प्रक्रिया में मैग्नीशियम की भी भूमिका होती है। इसलिए खाने में मैग्नीशियम की पर्याप्त मात्रा रखना मांसपेशियों के सामान्य कामकाज के लिए जरूरी है। ओमेगा-3 वाली चीजें भी खाने में शामिल की जा सकती हैं। अलसी के बीज, चिया के बीज और अखरोट जैसी चीजों में ओमेगा-3 होता है, जो शरीर में होने वाली सूजन को नियंत्रित करने में मदद करता है। शरीर में ज्यादा सूजन होने पर कई बार मांसपेशियों और जोड़ों में दर्द हो सकता है। ऐसे में ओमेगा-3 शरीर के सामान्य स्वास्थ्य के लिए उपयोगी हो सकता है। पानी भी शरीर के लचीलेपन के लिए जरूरी है। कई लोग खाने पर तो ध्यान देते हैं, लेकिन पानी की मात्रा को नजरअंदाज कर देते हैं।

# घर का खाना खाने के बाद भी बढ़ सकता है कोलेस्ट्रॉल, इन वजहों को न करें नजरअंदाज

**कोलेस्ट्रॉल** का नाम सुनते ही ज्यादातर लोगों के दिमाग में सबसे पहले बाहर का खाना, बर्गर, पिज्जा, समोसा और ज्यादा तेल वाली चीजें आती हैं। यही वजह है कि बहुत से लोग मानते हैं कि अगर वे घर का खाना खा रहे हैं तो उनका कोलेस्ट्रॉल कभी नहीं बढ़ सकता। लेकिन ऐसा जरूरी नहीं है। घर का बना खाना सेहत के लिए अच्छा हो सकता है, लेकिन खाने के साथ-साथ हमारी रोज की आदतें भी शरीर पर असर डालती हैं। कई बार अच्छी डाइट लेने के बाद भी रिपोर्ट में कोलेस्ट्रॉल ज्यादा आ सकता है। इसकी वजह ज्यादा वजन, कम चलना-फिरना या खाने में कुछ चीजों की ज्यादा मात्रा हो सकती है। कोलेस्ट्रॉल शरीर के लिए पूरी तरह खराब नहीं होता। हमारे शरीर को इसकी थोड़ी मात्रा की जरूरत होती है। यह शरीर के कई जरूरी कामों में मदद करता है। परेशानी तब शुरू होती है जब खून में बैड कोलेस्ट्रॉल (एलडीएल) की मात्रा जरूरत से ज्यादा हो जाती है। लंबे समय तक ऐसा रहने पर खून की नसों में धीरे-धीरे चर्बी जैसी परत जमा होती है। इससे आगे चलकर दिल की बीमारी और स्ट्रोक का खतरा बढ़ सकता है। कुछ लोगों में कोलेस्ट्रॉल बढ़ने की वजह उनकी जीवनशैली से ज्यादा उनके जीन हो सकते हैं। अगर परिवार में कम उम्र में हार्ट अटैक, स्ट्रोक या बहुत ज्यादा कोलेस्ट्रॉल की समस्या रही है, तो इसे हल्के में नहीं लेना चाहिए। कुछ आनुवंशिक स्थितियों में शरीर एलडीएल को खून से हटाने में ठीक से काम नहीं करता और व्यक्ति की डाइट अच्छी होने के बावजूद कोलेस्ट्रॉल काफी बढ़ा रह सकता है। ऐसी स्थिति में डॉक्टर से सलाह लेना जरूरी है।




घर का खाना पौष्टिक होता है, लेकिन उसमें इस्तेमाल होने वाली चीजों की मात्रा भी मायने रखती है। घी, मक्खन, मलाई और कुछ दूसरे पशु-आधारित खाद्य पदार्थों में सैचुरेटेड फैट ज्यादा होता है। इनका जरूरत से ज्यादा सेवन एलडीएल को बढ़ा सकता है। इसलिए खाना बनाते समय कुल फैट और उसकी गुणवत्ता दोनों पर ध्यान देना चाहिए। पूरी, पकौड़े, कचौड़ी या दूसरे डीप-फ्राइड व्यंजन अगर कभी-कभार खाए जाएं तो बात अलग है, लेकिन इन्हें रोज के भोजन का हिस्सा बनाना वजन और हृदय स्वास्थ्य के लिए खतरनाक है। अगर इसके साथ आप दिनभर कम चलते-फिरते हैं, तो वजन बढ़ने की संभावना भी बढ़ सकती है।

इसलिए खाना घर का है या बाहर का, इसके साथ यह भी देखना जरूरी है कि उसे किस तरह बनाया गया है और कितनी मात्रा में खाया जा रहा है। कोलेस्ट्रॉल को ठीक रखने के लिए सिर्फ तेल कम करना काफी नहीं है। खाने में फल, सब्जियां, साबुत अनाज, ओट्स, जौ, बीन्स और दाल जैसी चीजें भी होनी चाहिए। इनमें फाइबर पाया जाता है, जो बैड कोलेस्ट्रॉल को कम करने में मदद करता है। अगर आपकी रोज की थाली में सब्जियां और फल बहुत कम हैं और मैदा, सफेद ब्रेड, बिस्किट या दूसरे पैकेट वाले खाने की मात्रा ज्यादा है, तो डाइट संतुलित नहीं मानी जाती। आपका खाना घर का है लेकिन अगर दिन का ज्यादातर समय बैठे हुए गुजरता है तो सिर्फ डाइट पर निर्भर रहना पर्याप्त नहीं है। नियमित शारीरिक गतिविधि वजन को नियंत्रित रखने और हृदय को स्वस्थ रखने में मदद करती है। तेज चाल से चलना, साइकिल चलाना या अपनी क्षमता के अनुसार दूसरी गतिविधियां रोज की दिनचर्या में शामिल की जा सकती हैं।

# शरीर को लचीला और मन को शांत बनाता है हलासन

**व्यस्त** दिनचर्या और तनाव के कारण रीढ़ की हड्डी और पाचन संबंधित समस्याएं आम हो गई हैं। ऐसे में योगासन और सही खान-पान शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए एक बेहतर उपाय हो सकता है। योग के विभिन्न आसनों में %हलासन% कई समस्याओं का एक अचूक और प्राकृतिक समाधान है। %हलासन%, हल शब्द से लिया गया है। हल यानी खेती के लिए इस्तेमाल किया जाने वाला औजार, जैसे की हर खेत को बीज बोने के लिए तैयार करता है, ठीक उसी तरह हलासन शरीर और दिमाग को गहरी कायाकल्प के लिए तैयार करता है। आयुष मंत्रालय ने हलासन को उन्नत योगासन बताया है। उनके अनुसार, हलासन के नियमित अभ्यास से शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य में व्यापक सुधार देखने को मिलता है। यह आसन गर्दन, कंधे, पीठ और पेट की मांसपेशियों को मजबूत बनाने में मदद करता है। इसी के साथ ही, यह रीढ़ की हड्डी को लचीला बनाने, थायरॉयड ग्रंथि को उत्तेजित करने, पाचन में सुधार करने और तनाव व थकान को कम करने में अत्यधिक फायदेमंद होता है। इसे नियमित रूप से करने पर त्वचा में चमक देखने को मिल सकता हैं। हलासन में शरीर का निचला हिस्सा ऊपर की ओर जाता है और पैरों को सिर के पीछे जमीन पर टिकाने की कोशिश की जाती है। इस स्थिति में शरीर का ब्लड सर्कुलेशन बदल जाता है, जो चेहरे के लिए बेहद फायदेमंद माना जाता है। यह आसन



दिखने में थोड़ा कठिन भले ही होता है, लेकिन इसे करना बहुत आसान होता है। यह न सिर्फ शरीर में लचीलापन बढ़ाता है, बल्कि पाचन, रीढ़ की हड्डी और तनाव जैसी कई समस्याओं में भी फायदेमंद माना जाता है। इसी के साथ ही, यह थायराइड ग्रंथि को सक्रिय करने और शरीर के चक्रों को संतुलित करने के लिए जाना जाता है। सही तकनीक और सावधानी के साथ किया गया हलासन शरीर को नवजीवन और आंतरिक ऊर्जा प्रदान करता है। यह आसन करने में बेहद आसान हैं और नियमित रूप से करने पर शरीर में कई तरह के बदलाव देखने को मिलेंगे। हालांकि, गर्भवती महिलाओं, हाई ब्लड प्रेशर या गर्दन, पीठ दर्द की समस्या वाले व्यक्तियों को यह आसन करने से बचना चाहिए। शुरू करने से पहले विशेषज्ञ की सलाह लेनी चाहिए।

# साड़ी पहनने को लेकर इन फैशन टिप्स को न करें नजरअंदाज वरना बिगड़ सकता है पूरा लुक

**साड़ी–एक** ऐसा परिधान जो भारतीयता की आत्मा है, लेकिन गलत समय पर गलत साड़ी का चुनाव आपके पूरे लुक को बिगाड़ सकता है। चाहे पारंपरिक समारोह हो या ऑफिस का कोई फॉर्मल इवेंट, साड़ी हर मौके के लिए एक परिपूर्ण विकल्प बन सकती है, बशर्ते आप इसे पहनने के सही तरीके और मौके के अनुरूप स्टाइलिंग को समझें। आज के दौर में जहाँ फैशन एक स्टेटमेंट बन चुका है, वहाँ सिर्फ साड़ी पहन लेना ही काफी नहीं, बल्कि उसे सही रंग, कपड़े और डिजाइन के साथ पहनना ज़रूरी है, ताकि आपका लुक स्टाइलिश भी लगे और मौके के अनुरूप भी। अगर आप नहीं चाहतीं कि आपकी साड़ी स्टाइल बन जाए सोशल मीडिया का मज़ाक, तो पढ़िए ये खास टिप्स–ताकि हर नजर बस आप पर ही ठहर जाए। 1. अवसर के अनुसार चुनें साड़ी का फैब्रिक और डिज़ाइन

शादी, त्योहार या पारिवारिक समारोहों के लिए साड़ियों का चयन करते समय हैवी एंब्रॉयडरी, ज़री वर्क, बनारसी या सिल्क फैब्रिक वाली साड़ियाँ बेस्ट रहती हैं। इस तरह की साड़ियाँ न सिर्फ पारंपरिक लुक देती हैं बल्कि आपको भीड़ में अलग पहचान भी देती हैं। वहीं हल्की प्रिंटेड साड़ियाँ या सिंपल फैब्रिक इस मौके पर फीकी लग सकती हैं।

**2. फॉर्मल मौकों पर हो स्मार्ट और सिंपल**



ऑफिस पार्टी, मीटिंग या किसी प्रोफेशनल सेटिंग में यदि साड़ी पहननी हो, तो कॉटन, लिनेन, हैंडलूम या मलमल जैसी साड़ियों को चुनें। ये न केवल आपको एक एलिगेंट लुक देती हैं, बल्कि गर्मी के मौसम में आरामदायक भी होती हैं। ऐसे मौकों पर हल्के लेकिन ब्राइट रंग जैसे नीला, पिंक या पीच बेहतर प्रभाव डालते हैं।

**3. सेमी-फॉर्मल फंक्शन में अपनाएं बैलेंस्ड स्टाइल :** कभी-कभी ऐसे अवसर आते हैं जो न तो पूरी तरह पारंपरिक होते हैं, न ही पूरी तरह फॉर्मल। जैसे कि किसी दोस्त की इंगेजमेंट या छोटा पारिवारिक गेट-टुगेदर। ऐसे मौकों के लिए हल्की सिल्क साड़ियाँ जिसमें मिनिमल ज़री वर्क हो, पतला बॉर्डर हो और कलर टोन लाइट हो – ये सभी फैक्टर आपकी लुक को एलिगेंट बनाएंगे। चिकनकारी, थ्रेडवर्क या लेस डिटेल वाली साड़ियाँ भी ऐसे मौकों के लिए एकदम सही रहती हैं।

**4. सैटिन साड़ी कब पहनें?**

अगर आप ग्लॉसी लुक चाहती हैं तो सैटिन साड़ियाँ मॉकटेल पार्टी, संगीत या हल्के शादी समारोहों के लिए बेहतरीन विकल्प हो सकती हैं। सैटिन की चिकनाहट और फॉल आपकी बॉडी को खूबसूरत शेप देती है। इसे सिंपल ज्वेलरी और स्लीक हेयरस्टाइल के साथ स्टाइल करें तो यह लुक और भी रॉयल लगेगा। साड़ी को लेकर एक्सपेरिमेंट करना अच्छा है, लेकिन मौके और माहौल के अनुसार स्टाइलिंग करना और भी जरूरी है। गलत साड़ी का चयन आपके पूरे लुक को प्रभावित कर सकता है। इसलिए अगली बार जब भी साड़ी पहनें, इन फैशन टिप्स को ज़रूर ध्यान में रखें, ताकि हर नजर आप पर ही टिक जाए।

CMYK

page 7_Layout 1 06-09-2026 20:58 Page 1



# सागर में जहरीली शराब पीने से अब तक 10 की मौत, उपमुख्यमंत्री बोले- 'कई दुकानें की गईं सील'

डेली आवाज भारती



**सागर।** मध्य प्रदेश के सागर जिले में कथित तौर पर जहरीली शराब के कारण मरने वालों की संख्या बढ़कर 10 पहुंच गई है। वहीं, उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ने जानकारी दी कि इस मामले में कई दुकानों को सील किया गया है। उन्होंने कहा कि मौतों के लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई होगी। उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ने समाचार एजेंसी आईएएनएस से बात करते हुए कहा, ÷सभी वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंच चुके हैं। सभी अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि इन मौतों के लिए जो भी जिम्मेदार हैं, उनके खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई हो। कई दुकानें भी सील की गई हैं। इस घटना में संलिप्त लोगों की तलाश भी जारी है।÷ उन्होंने बताया कि अभी जो लोग बीमार हैं, उनके उपचार की व्यवस्था सरकार कर रही है। उपमुख्यमंत्री ने दोहराते हुए कहा कि इस मामले में आरोपियों पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई होगी। राज्य सरकार में मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने इस घटना पर कहा, ÷आज हमें बुरी खबर मिली। यह बहुत बुरी खबर है और असल में यह एक ऐसी घटना है, जिसकी कड़ी निंदा होनी चाहिए। जो भी इसके लिए जिम्मेदार हैं, उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। यह घटना बेहद दुखद है। मैं मृतकों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करता हूं। इस घटना को लेकर सागर की कलेक्टर प्रतिभा पाल ने पत्रकारों को बताया कि बंडा थाना क्षेत्र के दो गांव नौरोजा और डोगरा खुर्द में सुबह मिथाइल अल्कोहल के सेवन से संबंधित मामले सामने आए। इसके बारे में प्रशासन को सुबह करीब 4.30 बजे पता चला। उन्होंने कहा कि अब तक 10 लोगों की पहचान मरने वालों के तौर पर हुई है। मरने वालों के पोस्टमार्टम और दूसरे प्रोसेस की रिपोर्ट आ रही है।उन्होंने बताया कि इस बात पर अधिक ध्यान दिया जा रहा है इन दोनों गांवों में और लोग बीमार तो नहीं हैं। डॉक्टर्स की टीम मौके पर स्क्रीनिंग कर रही है। एसडीएम और अन्य अधिकारी मौके पर मौजूद हैं। कलेक्टर ने कहा कि हमारी सबसे पहली प्राथमिकता किसी भी लक्षण वाले इंसान की पहचान करना और उन्हें आगे की जांच के लिए तुरंत बुंदेलखंड मेडिकल कॉलेज भेजना है।

# दक्षिण दिल्ली के सत्य निकेतन में इमारत गिरी, कई लोगों के फंसे होने की आशंका

डेली आवाज भारती



**नई दिल्ली।** दक्षिण दिल्ली के सत्य निकेतन इलाके में एक इमारत गिर गई, जिसमें मलबे के नीचे कई लोगों के फंसे होने की आशंका है। यह इमारत मोतीबाग इलाके में सत्य निकेतन स्थित शिव मंदिर के पास गिरी। दिल्ली फायर ब्रिगेड ने बताया कि उन्हें इस घटना की जानकारी दोपहर 1ः30 बजे मिली। अधिकारियों ने बताया कि दोपहर 1ः50 बजे स्टेशन ऑफिसर (एसटीओ) नरेंद्र घटनास्थल पर पहुंचे और सूचना दी कि एक इमारत गिर गई है और कुछ लोग उसके नीचे फंसे हुए हैं। उन्होंने वरिष्ठ अधिकारियों और अतिरिक्त कर्मचारियों की मांग की। इसके बाद, एक एसडब्ल्यूटी, एक बिग फायर टेंडर (बीएफटी), एक ऑफिसर-इन-चार्ज, डीओ मुकेश वर्मा और एसटीओ मनोज को घटनास्थल पर भेजा गया। घटनास्थल पर बचाव अभियान जारी है। दिल्ली पुलिस ने बताया कि घटनास्थल पर बचाव अभियान शुरू कर दिया गया है। फंसे हुए लोगों की संख्या की पुष्टि बाद में की जाएगी। अधिकारियों ने बताया कि पिछले महीने इसी तरह की एक घटना में करोलबाग इलाके में एक दोमंजिला इमारत को गिराए जाने के दौरान उसके ढहने से एक व्यक्ति की मौत हो गई थी और तीन लोग घायल हो गए थे। शुरुआती जांच के अनुसार, इमारत को मालिकों द्वारा नियुक्त एक निजी ठेकेदार द्वारा गिराया जा रहा था। अधिकारियों ने बताया कि संबंधित एजेंसी से इमारत गिराने की कोई अनुमति नहीं ली गई थी। इमारत गिराने के काम के दौरान अचानक ढह गई, जिससे वहां काम कर रहे मजदूर मलबे में फंस गए थे। अधिकारियों के अनुसार, इस घटना की सूचना सुबह करीब 11ः15 बजे करोलबाग पुलिस स्टेशन को इलाके के रेगरपुरा स्थित प्यारे लाल रोड से मिली थी। सूचना मिलने पर पुलिसकर्मी तुरंत घटनास्थल पर पहुंचे और बचाव कार्य शुरू कर दिया था। पुलिस ने बताया कि घटना में चार मजदूर घायल हो गए थे।

# पीएम मोदी का मेट्रो मोमेंट्स : बच्चों से की बात, जन्माष्टमी से लेकर किताबों तक पर हुई चर्चा

डेली आवाज भारती



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर अपना एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें वे मेट्रो में सफर करते नजर आ रहे हैं। पीएम ने कैप्शन में लिखा, मेट्रो मोमेंट्स, कल शाम की एसआरसीसी (श्री राम कॉलेज ऑफ कॉमर्स) की यात्रा और वहां से वापस आने के दौरान हुई बातचीत। यह वीडियो शनिवार शाम एसआरसीसी (श्री राम कॉलेज ऑफ कॉमर्स) के शताब्दी समारोह में जाने और वहां से लौटने के दौरान का है। वीडियो में पीएम मोदी मेट्रो में मौजूद लोगों, खासकर बच्चों के साथ बातचीत कर रहे हैं। वीडियो में पीएम मोदी छोटे-छोटे बच्चों से हाथ मिलाते नजर आए और उन्होंने बच्चों से उनके नाम पूछे, साथ ही यह भी पूछा कि वे कहां जा रहे हैं। बच्चों की टोली से पीएम मोदी ने पूछा, जन्माष्टमी मनाई कि नहीं? इस पर बच्चों ने एक सुर में हामी भरी और जवाब दिया, हां, हमने मनाई। इसके बाद पीएम मोदी ने कुछ बच्चों को अपने पास बैठाया। उनमें से एक बच्चा यह कहता नजर आया कि आज 5 सितंबर है, शिक्षक दिवस है। हमारे साथ एस राधाकृष्णन नहीं हैं, जिन्होंने अपने जमाने में ढेर सारे विद्यार्थियों को प्रेरित किया था, लेकिन आज हमारे पास आप हैं, जो पूरे भारत को प्रेरित करते हैं। इसके लिए मैं आपको बहुत धन्यवाद देना चाहता हूं। मेट्रो में मौजूद एक अन्य बच्चा ने ÷गुरुर्ब्रह्मा गुरुर्विष्णु: गुरुर्देवो महेश्वरः। गुरुः साक्षात् परं ब्रह्म तस्मै श्रीगुरवे नमः॥ श्लोक कहकर पीएम मोदी से मुलाकात की। मेट्रो में कुछ महिलाएं भी मौजूद थीं और उनमें से कुछ के साथ उनके बच्चे भी मौजूद थे। पीएम मोदी ने बच्चे के सिर पर हाथ रखकर स्नेह दिया।

मेट्रो में एक छोटा बच्चा आकर पीएम मोदी से हाथ मिलाते नजर आया और यह कहता दिखा कि मैं आपके जैसा बनना चाहता हूं। इस पर प्रधानमंत्री मुस्कुराते हुए बोले, सचमुच में। इसके बाद एक महिला पीएम मोदी से आकर बोली कि मैं चंदौली से हूं। इस पर पीएम मोदी ने बताया कि मैं भी बगल में काशी का हूं। महिला ने बताया कि मेरा मायका काशी ही है। इस पर प्रधानमंत्री ने पूछा, कैसा लगता है आपको काशी?

महिला ने कहा कि काशी बहुत तेज गति से विकसित हुआ है।

# वीएचपी की गाइडलाइन और अमेरिका में मोहन भागवत के बयान में विरोधाभास पर विपक्ष ने उठाए सवाल

डेली आवाज भारती



**नई दिल्ली।** विपक्षी नेताओं ने रविवार को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख मोहन भागवत पर तंज कसते हुए कहा कि लगता है उन्होंने अपना कुछ सामान अमेरिका में ही छोड़ दिया है, क्योंकि विश्व हिंदू परिषद (वीएचपी) ने महाराष्ट्र में गरबा और डांडिया कार्यक्रमों में मुसलमानों की भागीदारी पर प्रतिबंध लगाने की घोषणा की है। वीएचपी ने कार्यक्रम आयोजकों से यह भी कहा है कि वे प्रतिभागियों की हिंदू पहचान की पड़ताल और पुष्टि करें। विपक्ष का यह तंज आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत की न्यूयॉर्क में आयोजित ÷वन वर्ल्ड, वन ह्यूमैनिटी÷ (एक विश्व, एक मानवता) धर्मगुरु सम्मेलन में की गई टिप्पणी के संदर्भ में था। भागवत ने कहा था कि जो हिंदू यह मानता है कि भारत में मुसलमानों के लिए कोई जगह नहीं है, वह हिंदू रह ही नहीं जाता। उन्होंने जोर देकर कहा था कि हिंदुत्व हर इंसान की गरिमा को स्वीकार करता है और इस विचार को मान्यता देता है कि अलग-अलग रास्ते एक ही सत्य तक पहुंच सकते हैं। आईएएनएस से बात करते हुए राजद सांसद मनोज झा ने मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस की अगुवाई वाली महाराष्ट्र सरकार की आलोचना करते हुए कहा कि ऐसा लगता है कि फडणवीस ने शासन का काम किसी और को सौंप दिया है, जैसे अब प्रशासन का काम वीएचपी देखेगी। न्यूयॉर्क में संघ प्रमुख के भाषण का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि शायद वह अपना कुछ सामान अमेरिका में ही भूल आए और उसके साथ ही वे बातें भी वहीं छूट गईं जो उन्होंने वहां कही थीं। उन्हें वह सामान वापस लाना चाहिए और अपने लोगों को समझाना चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि कृपया इस देश के चरित्र के साथ छेड़छाड़ न करें। शिवसेना सांसद संजय राउत ने कहा कि कौन कहता है कि मुसलमान गरबा नहीं खेल सकते। विश्व हिंदू परिषद के लोग, जो हाल ही में खुद को धार्मिक मामलों का जानकार बताने लगे हैं, ऐसे बयान दे रहे हैं। 'गरबा' को देश की परंपरा बताते हुए राउत ने कहा कि भारत की आजादी की लड़ाई और सांस्कृतिक इतिहास में मुसलमानों का भी अहम योगदान रहा है। राजद सांसद की बात से सहमति जताते हुए उन्होंने कहा कि मोहन भागवत विदेश जाते हैं और कहते हैं कि हमारे देश में हिंदुओं और मुसलमानों के बीच कोई भेदभाव नहीं होना चाहिए। चाहे वह राजनीतिक, सांस्कृतिक या धार्मिक हो।

# धौला कुआं फ्लाईओवर पर चलती कार में लगी भीषण आग, समय रहते फायर ब्रिगेड ने बुझाई आग

डेली आवाज भारती




**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली के धौलाकुआं फ्लाईओवर पर रविवार को उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब एक चलती कार में अचानक भीषण आग लग गई। देखते ही देखते आग ने पूरी कार को अपनी चपेट में ले लिया और वाहन धू-धूकर जलने लगा। घटना के बाद फ्लाईओवर पर कुछ समय के लिए यातायात प्रभावित होने की स्थिति भी बन गई। कार में आग लगने की सूचना दमकल विभाग को दी गई। सूचना मिलते ही दमकल की गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और आग बुझाने का अभियान शुरू किया गया। दमकलकर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाने की कोशिश की। आग इतनी तेज थी कि कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और लगभग पूरी तरह जलकर खाक हो गई। आग लगने से आसपास के रास्तों को कुछ देर के लिए बंद कर दिया गया था। फिलहाल आग लगने के कारणों का पता नहीं चल पाया है। शुरुआती जानकारी में किसी के हताहत होने की पुष्टि नहीं हुई है। घटना के बाद पुलिस और संबंधित एजेंसियां मामले की जांच में जुटी हैं। आग कैसे लगी और घटना के समय कार में कितने लोग सवार थे, इसकी भी जानकारी जुटाई जा रही है। मामले में विस्तृत जानकारी का इंतजार है।

# 'पुलिस का डर खत्म, दिल्ली बनी क्राइम कैपिटल', मयूर विहार फेज 3 में हत्या के बाद 'आप' ने सरकार पर बोला हमला

डेली आवाज भारती



**नई दिल्ली।** पूर्वी दिल्ली के मयूर विहार फेज 3 में एक व्यक्ति की हत्या के बाद आम आदमी पार्टी ने दिल्ली पुलिस और भाजपा पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि पुलिस का डर पूरी तरह खत्म हो गया है और अपराधियों को कानून का कोई डर नहीं रहा है। आम आदमी पार्टी (आप) के विधायक कुलदीप कुमार ने समाचार एजेंसी आईएएनएस से बात करते हुए, दुर्गा मंदिर गेट के पास एक सिक्योरिटी गार्ड तैनात था और उसके सामने हत्या कर दी गई। गार्ड ने बीच-बचाव करने की कोशिश की, लेकिन वह उसे कैसे बचा सकता था? हो सकता था कि वह खुद भी मारा जाता।÷ उन्होंने कहा, ÷आज पुलिस का डर पूरी तरह खत्म हो गया है और अपराधियों को कानून का कोई डर नहीं रहा। दिल्ली क्राइम कैपिटल बन गई है। अकेले मेरे चुनाव क्षेत्र में पिछले एक महीने में सात-आठ हत्याएं हुई हैं। लगातार हत्याएं हो रही हैं। हम जवाब मांग रहे हैं कि ये हत्याएं क्यों हो रही हैं, लेकिन दिल्ली पुलिस के पास कोई जवाब नहीं है।

# सिरयानी गांव में विकास कार्यों का उद्घाटन, विधायक ललित यादव ने लाइब्रेरी का दिया आश्वासन

डेली आवाज भारती



**मुंडावर।** विधानसभा क्षेत्र के ग्राम सिरयानी में रविवार को विभिन्न विकास कार्यों का विधिवत उद्घाटन मुंडावर विधायक ललित यादव द्वारा किया गया। विधायक ने अम्बेडकर भवन में नवनिर्मित हॉल एवं इंटरलॉकिंग टाइल्स कार्य तथा राजकीय विद्यालय के खेल मैदान में ट्रैक निर्माण कार्य का उद्घाटन किया। इस दौरान ग्रामवासियों ने गांव में लाइब्रेरी निर्माण करवाने की मांग विधायक के समक्ष रखी। ग्रामीणों की मांग पर विधायक ललित यादव ने आश्वासन दिया कि गांव में जल्द ही लाइब्रेरी की सुविधा उपलब्ध करवाने के लिए आवश्यक प्रयास किए जाएंगे। विधायक ने कहा कि विद्यार्थियों और युवाओं को बेहतर शैक्षणिक माहौल एवं सुविधाएं उपलब्ध कराना प्राथमिकता है। लाइब्रेरी बनने से गांव के विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी सहित अध्ययन के लिए बेहतर वातावरण मिल सकेगा। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में विकास कार्यों का सिलसिला लगातार जारी है और गांवों में मूलभूत सुविधाओं के विस्तार के साथ शिक्षा, खेल एवं सामाजिक विकास से जुड़े कार्यों को भी प्राथमिकता दी जा रही है। कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण, जनप्रतिनिधि एवं स्थानीय कार्यकर्ता मौजूद रहे।चाहें तो इसे मैं अखबार में छपने वाली और ज्यादा प्रभावशाली समाचार शैली में भी बना सकता हूँ।

# शिक्षकः शिक्षा के कलाकार

**किसी** को भी पहली बार पढ़ना सीखने का सटीक दिन याद नहीं होता। लेकिन लगभग हर व्यक्ति उन शिक्षकों को जरूर याद रखता है, जिन्होंने उसे पढ़ाया होता है। भूल जाने वाले पल और कभी न भुलाए जाने वाले व्यक्ति के बीच का यही अंतर हमें शिक्षण कार्य के बारे में कुछ बेहदजरूरी बातें बताजाता है।एक शिक्षक अपने पीछे ऐसी चीजें छोड़ जाता है, जिन्हें आसानी से आंक पाना संभव नहीं होता- कोशिश करने का आत्मविश्वास, डटे रहने का अनुशासन, सवाल पूछने की जिज्ञासा, या कभी-कभी मात्र यह भरोसा कि इंसान और भी बहुत कुछ कर सकता है।इसलिए, शिक्षण को एक कला से कम कुछ भी नहीं माना जा सकता।

भारत के महामहिम राष्ट्रपति द्वारा हर वर्षप्रदान किए जाने वाले'राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार'वास्तव मेंउन चुनिंदा लोगों के प्रति सम्मान होते हैं, जिनका योगदान दूसरों से कहीं बढ़कर रहा होता है।इन सबके अलावा, देश के हर कोने मेंङ्कचाहे वहकक्षा हो याकौशल संबंधी प्रयोगशाला यापॉलिटेक्निक याखेल का मैदान या फिर संगीत कक्ष ङ्क विद्यार्थीगण धन्यवाद कहने का अपना-अपना तरीका ढूंढ ही लेते हैं। कभीहाथ से लिखी हुई एक टिप्पणी।कभी सुबह की सभा में आभार जताने का एक पल। कभी एक ऐसी खामोश सराहना जो दिन खत्म होने के काफी देर बाद तक शिक्षक के मन में बसी रहती है।ये कोई कमतर उत्सव नहीं हैं, बल्कि कई मायनों में ये सबसे सच्चे उत्सवहैं।

हालांकि, आंकड़े हमें एक और चिंताजनक कहानी बताते हैं। ओईसीडी का 2026 का 'टीचर नॉलेज सर्वे'किसी विषय की जानकारी होने और उसे पढ़ा पाने की क्षमता के बीच के अंतर की ओर इशारा करताहै।इस सर्वेक्षण के निष्कर्षों से पता चलता है कि विषय का ज्ञान हमेशा कारगर शिक्षण-पद्धति में नहीं बदलता।बात बिल्कुल सरल, लेकिन बेहद जरूरी है- किसी चीज को गहराई से जानना और किसी दूसरे व्यक्ति को उसे सीखने में मदद करना - ये दोनों अलग-अलगकौशल हैं। शिक्षण एक कला है और इसके लिए मानवीय रिश्तों एवं पढ़ाने के तरीकों की समझ के साथ-साथ कक्षा में थोड़ी नाटकीयता की भी जरूरत होती है।

यूनेस्को की 'शिक्षकों से संबंधित वैश्विक रिपोर्ट 2024'में इस पेशे की उपेक्षा करने की कीमत को आंकड़ों में दर्शाया गया है। दुनिया को 2030 तक 44 मिलियनअतिरिक्त प्राथमिक एवं माध्यमिक शिक्षकों की जरूरत होगी।और, इनमें से आधे से अधिककी जरूरत केवल उन शिक्षकों की जगह लेने के लिए होगी जो नौकरी छोड़ रहे हैं। वहीं, मैकिन्से ग्लोबल इंस्टीच्यूट का अनुमान है कि स्वचालन (ऑटोमेशन)के कारण 2030 तक दुनिया भर में 75 मिलियन से 375 मिलियनकामगारों को अपना पेशा बदलना पड़ सकता है। ऐसी परिस्थिति में, योग्य शिक्षकों की अहमियत पहले से कहीं अधिक होगी।

भारत ने इस चुनौती कोसमय रहते भांप लिया है और इससे पूरी गंभीरता से निपटने की दिशा में कदम उठाए हैं। राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 के तहत शुरू किए गएचार-वर्षीय'एकीकृत शिक्षक शिक्षा कार्यक्रम' मेंविषयगत निपुणतातथाशिक्षण-पद्धति को एक ही स्नातक कि डिग्री में शामिल किया गयाहै। इसका उद्देश्यसर्वश्रेष्ठ प्रतिभाओं को शिक्षण के पेशे की ओर आकर्षित करना है। सेवा में कार्यरत शिक्षकों के बीच एक जैसे मानक सुनिश्चित करने हेतु, 'शिक्षकों के लिए राष्ट्रीय पेशेवर मानक (एनपीएसटी)'के तहत करियर मर्ि तरक्की को मात्र वरिष्ठताके बजाय, पढ़ाने की असलगुणवत्ता से जोड़ा गया है। अलग-अलग क्षेत्रों में सीखने-सिखाने



**श्री जयंत चौधरी**

की प्रक्रिया का लाभ उठाने हेतु, 'नेशनल मिशन फॉर मेंटरिंग (एनएमएम)'शिक्षकों को अलग-अलग क्षेत्रों के मार्गदर्शकों (मेंटर) से सीखने के लिए व्यवस्थित सहायता प्रदान करता है। मैंने भी इस मिशन के लिए एक मेंटर के तौर पर पंजीकरण कराया है। माननीय प्रधानमंत्री हर वर्ष राष्ट्रीय पुरस्कार विजेताओं से न केवल बधाई देने के लिए, बल्कि उनकी बातें सुनने, जमीनी स्तर की उनकी कहानियां जानने और उनसेएक ऐसा दृष्टिकोण साझा करने के लिए भी मिलते हैं जो केवल अनुभवी नेतृत्व से ही प्राप्त हो सकता है। शिक्षण एक रचनात्मक काम हैऔर अलग-अलग क्षेत्रों से सीखने-सिखाने की प्रक्रिया इस रचनात्मकता को नयापन प्रदान करती है।

भारत में 'शिक्षक'किसे माना जाए, इसका दायरा भी बढ़ाया जा रहा है और शायद यह सबसे अनूठा विचार है। 'समाज में सभी के लिए आजीवन सीखने की समझ (उल्लास)' यानी 'न्यू इंडिया लिटरेसी प्रोग्राम'इस सिद्धांत पर आधारित है कि हर साक्षर व्यक्ति एक निरक्षर व्यक्ति को पढ़ा सकता है। इस वर्ष जब हम 'अंतरराष्ट्रीय साक्षरता दिवस' मना रहे हैं, तो इस कार्यक्रम के तहत नौ राज्यों एवंकेन्द्र-शासित प्रदेशों को पूरी तरह साक्षर घोषित किया गया है। शिक्षा मंत्रालय के %विद्यांजलि% पोर्टल में भी यही भावना दिखाई देती है। यह पोर्टल 8.75 लाख से अधिक सरकारी स्कूलों को ऐसे वॉलंटियरों से जोड़ता है जो एक उपहार के रूप में अपनी विशेषज्ञताओं - चाहे वह नृत्य से संबंधित हो या गणित से या सार्वजनिक भाषणया फिर शिल्प से - को कक्षाओं मेंप्रदर्शित करते हैं। हर वॉलंटियरएक शिक्षक की भूमिका निभाता है। ये वॉलंटियर जो भी विषय पढ़ाते हैं, उसे बराबर का महत्व दिया जाता है। क्योंकि वास्तव में, शिक्षण कोई तकनीकी काम नहींबल्कि एक कला है। हर अध्याय को पढ़ाने की योजनाएक रचना जैसी होती है। हर व्याख्या एक प्रदर्शनसरीखी होती है। कोई भी कला किसी भी कलाकार में भेद नहीं करती।इसलिए हमारे मन में ऊंच-नीच की जो भी धारणा है, उसे परख कर खत्म करना जरूरी है। कभी-कभी संगीत शिक्षक या शारीरिक शिक्षा के शिक्षक को पूरकऔर व्यावसायिक शिक्षा के प्रशिक्षक को वैकल्पिक व्यवस्था के तौर पर देखा जाता। यह वर्गीकरण न केवल अनुचित है, बल्कि पूरी तरह गलत भी है। परीक्षा का दबाव बढ़ने पर संगीत या व्यायाम मन को शांत कर सकते हैं, जिससे तैयारी में मदद मिलती है। भारत की बढ़ती रचनात्मक अर्थव्यवस्था (ऑरेंज इकोनॉमी) के साथ, अनेक कला रूप विद्यार्थियों को आधुनिक दुनिया के सबसे तेजी से बढ़ते क्षेत्रों में से एक के लिए तैयार करेंगे। जैसे-जैसे खेल विश्वविद्यालय आकार ले रहे हैं और राष्ट्रीय खेल अवसंरचना को सुदृढ़ कर रहे हैं, खेल प्रशिक्षक तथा शारीरिक शिक्षा के शिक्षक एक विश्वसनीयकरियर के द्वार खोलेंगे। सटीक मैन्यूफैक्चरिंग सिखा रहे आईटीआई के प्रशिक्षक, ऐसे कौशल विकसित कर रहे हैं जो पुलों के निर्माण और अस्पतालों को सुदृढ़ बनाने में सहायक हैं। यही राष्ट्र निर्माण का एक दूसरा स्वरूप है।

आज के दौर में जब मशीनें लगभग हर उस काम को करने में सक्षम हो रही हैं जिसका पहले से अनुमान लगाया जा सकता है, तब भी एक कामऐसा है जिसकी जगह कोई नहीं ले सकता - और वह है शिक्षक का काम- एक ऐसा शिक्षक जो एक विद्यार्थी में ऐसी क्षमता देख लेता है जिसे खुद विद्यार्थी अभी नहीं देख पा रहा होता है। इस काम का कोई एल्गोरिदम नहीं है। यह स्कूल की घंटी बजने पर खत्म नहीं होता। और यह देश भर के हर तरह के संस्थान में, हर विषय के हर शिक्षक से जुड़ा है।

एक लैटिन कहावत इस तथ्य को सटीक ढंग से रेखांकित करतीहै- नॉन स्कोलाए सेड विताए डिस्सिमस (Non scholae sed vitae discimus)Ð हम स्कूल के लिए नहीं, बल्कि जिंदगी के लिए सीखते हैं। और इंसानी संभावनाओं का सच्चा कलाकार माना जाने वाला एक शिक्षकही वही व्यक्तिहै, जो इसे संभव बनाता है।

**(लेखककेन्द्रीयशिक्षा तथा कौशल विकास और उद्यमशीलता राज्यमंत्रीहैं।)**

CMYK

page 8_Layout 1 06-09-2026 20:58 Page 1



# वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने लाडबंजारा और तूरबंजारा में करीब 9 करोड़ रुपये की लागत वाली 5 सड़क परियोजनाएं जनता को समर्पित कीं

डेली आवाज भारती

## करीब 17 किलोमीटर सड़क नेटवर्क होगा मजबूत, गांववासियों को मिलेंगी बेहतर यातायात सुविधाएंः हरपाल सिंह चीमा




**दिड़बा।** पंजाब के वित्त मंत्री स. हरपाल सिंह चीमा ने आज जिला संगरूर के विधानसभा क्षेत्र दिड़बा के गांव लाडबंजारा और तूरबंजारा में करीब 9 करोड़ 15 लाख रुपये से अधिक की लागत वाली पांच सड़क परियोजनाएं जनता को समर्पित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री स. भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार द्वारा गांवों के सर्वांगीण विकास के लिए बुनियादी ढांचे को मजबूत करना प्रमुख प्राथमिकता बनाया गया है। वित्त मंत्री ने कहा कि गांवों की सड़कें केवल आवागमन का साधन नहीं हैं, बल्कि ये ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने से सीधे तौर पर जुड़ी हुई हैं। उन्होंने कहा कि बेहतर सड़क संपर्क से जहां किसानों को अपनी कृषि उपज मंडियों तक पहुंचाने में सुविधा मिलती है, वहीं विद्यार्थियों, कर्मचारियों और आम लोगों के लिए शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार तथा अन्य आवश्यक सेवाओं तक पहुंच भी आसान होती है। स. चीमा ने बताया कि लाडबंजारा कलां में 5 करोड़ 22 लाख 64 हजार रुपये से अधिक की लागत से तीन सड़क परियोजनाएं जनता को समर्पित की गई हैं। इनमें लाडबंजारा से शादीहरी तक 3.75 किलोमीटर सड़क का कार्य 148.41 लाख रुपये, लाडबंजारा से निहालगढ़ तक 2.40 किलोमीटर सड़क का कार्य 123.80 लाख रुपये तथा लाडबंजारा से खेतला तक 4 किलोमीटर सड़क का कार्य 250.43 लाख रुपये की लागत से पूरा किया गया है। इसी तरह तूरबंजारा में 3 करोड़ 92 लाख 65 हजार रुपये से अधिक की लागत वाली दो सड़क परियोजनाएं जनता को समर्पित की गई हैं। इनमें तूरबंजारा से दिड़बा तक 2.80 किलोमीटर सड़क 168.47 लाख रुपये तथा तूरबंजारा से गुज्जरां तक 4 किलोमीटर सड़क 224.18 लाख रुपये की लागत से बनाई गई है। वित्त मंत्री ने कहा कि इन पांच सड़क परियोजनाओं से करीब 16.95 किलोमीटर सड़क नेटवर्क मजबूत हुआ है, जिससे क्षेत्र के गांवों के बीच संपर्क और बेहतर होगा तथा हजारों निवासियों को दैनिक आवागमन में सुविधा मिलेगी। उन्होंने कहा कि पंजाब सरकार की विकास नीति के केंद्र में आम लोग हैं और गांवों तथा शहरों में बिना किसी भेदभाव के विकास कार्य करवाए जा रहे हैं। सरकारी खजाने के विवेकपूर्ण उपयोग के माध्यम से जनहित से जुड़े परियोजनाओं को प्राथमिकता दी जा रही है, ताकि विकास का लाभ सीधे लोगों तक पहुंच सके। वित्त मंत्री ने कहा कि मजबूत सड़क नेटवर्क ग्रामीण क्षेत्रों में आर्थिक और सामाजिक गतिविधियों को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा लोगों की जरूरतों और सुझावों को ध्यान में रखते हुए विकास कार्यों की योजना बनाई जा रही है तथा भविष्य में भी क्षेत्र की आवश्यकताओं के अनुसार विकास परियोजनाओं को प्राथमिकता के आधार पर आगे बढ़ाया जाएगा।

# चंडीगढ़-मोहाली बॉर्डर पर किसानों का धरना जारी, 8 सितंबर तक चलेगा मोर्चा




डेली आवाज भारती

**मोहाली, (मनिंदर सिंह):** चंडीगढ़-मोहाली बॉर्डर पर किसान संगठनों की ओर से अपनी मांगों को लेकर लगाया गया धरना लगातार जारी है। संयुक्त किसान मोर्चा की ओर से लगाए गए इस धरने में पंजाब के विभिन्न क्षेत्रों से किसान पहुंच रहे हैं। किसान संगठनों के अनुसार यह धरना 1 सितंबर से 8 सितंबर 2026 तक चलेगा। किसान संगठनों की ओर से अपनी प्रमुख मांगों को लेकर बैठक भी की गई, जिसमें आगामी रणनीति पर विचार-विमर्श किया गया।

किसानों की प्रमुख मांगों में दरियाई पानी की बांट से संबंधित धारा 78, 79 और 80 को रद्द करना, किसानों की पूर्ण कर्ज माफी, हर खेत तक नहरी पानी पहुंचाना और किसानों के लिए बुढ़ापा पेंशन लागू करना शामिल है। इसके अलावा किसान स्मार्ट मीटरों पर पूर्ण रोक, किसानों से संबंधित विभिन्न मुद्दों का समाधान तथा पांच फसलों पर एमएसपी की गारंटी का कानून लागू करने की मांग भी कर रहे हैं। किसान नेताओं का कहना है कि जब तक उनकी जायज मांगों पर ठोस कार्रवाई नहीं की जाती, तब तक संघर्ष जारी रखा जाएगा। धरने के दौरान किसानों की सुविधा के लिए लंगर तथा अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं भी की जा रही हैं। किसान संगठनों ने अधिक से अधिक किसानों से मोर्चे में शामिल होने की अपील की है।

# चंडीगढ़-मोहाली बॉर्डर पर किसानों के धरने में फाइव रिवर्स एसोसिएशन का निःशुल्क मेडिकल कैंप

डेली आवाज भारती



**चंडीगढ़/मोहाली।( मनिंदर)** चंडीगढ़-मोहाली बॉर्डर पर किसान जत्थेबंदियों की ओर से चल रहे धरने में डॉ. सवाई मान सिंह (ਝ) की फाइव रिवर्स एसोसिएशन द्वारा धरने के पहले दिन से ही निःशुल्क मेडिकल कैंप लगाया गया है। धरना जब तक जारी रहेगा, तब तक यह मेडिकल सेवा भी लगातार जारी रहेगी। कैंप में धरने में शामिल किसानों को स्वास्थ्य जांच, प्राथमिक उपचार और आवश्यक चिकित्सा सेवाएं निःशुल्क उपलब्ध करवाई जा रही हैं। इसके साथ ही एसोसिएशन की ओर से निःशुल्क एंबुलेंस सेवा भी उपलब्ध करवाई जा रही है, ताकि किसी भी आपात स्थिति में मरीज को समय पर अस्पताल पहुंचाया जा सके। इस सेवा में एसोसिएशन के हेड ऑफ इंडिया अवतार सिंह ढिल्लों, डॉ. अर्जुन, डॉ. जसनीत, डॉ. सिमरत तथा डॉ. अजयपाल सिंह अपनी सेवाएं दे रहे हैं। मेडिकल टीम द्वारा धरने में मौजूद किसानों की स्वास्थ्य संबंधी जरूरतों का लगातार ध्यान रखा जा रहा है। फाइव रिवर्स एसोसिएशन की इस पहल का उद्देश्य धरने में शामिल किसानों को जरूरत के समय तत्काल और निःशुल्क स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध करवाना है। एंबुलेंस सेवा के साथ मेडिकल कैंप की सुविधा भी धरना समाप्त होने तक जारी रखने की बात कही गई है।

# बांग्लादेश में खसरे का कहर जारी, 994 बच्चों ने तोड़ा दम

डेली आवाज भारती



**ढाका।** पिछले लगभग छह महीनों से बांग्लादेश में खसरा दम तोड़ने का नाम नहीं ले रहा है। पिछले 24 घंटे में ही खसरे जैसे लक्षणों से पीड़ित तीन और बच्चों की मौत हो गई, जिसके बाद इस साल खसरे से जुड़ी कंफर्म और संदिग्ध मौतों का कुल आंकड़ा 994 पहुंच गया है। युनाइटेड न्यूज बांग्लादेश ने बताया कि देश के स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय (डीजीएचए) की ओर से रविवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, पिछले 24 घंटे में हुई तीनों मौतों को खसरे के संदिग्ध लक्षणों से हुई मौत के तौर पर दर्ज किया गया है। इस अवधि में खसरे से किसी नई पुष्ट मौत की सूचना नहीं मिली। इसके साथ संदिग्ध मौतों की संख्या बढ़कर 894, जबकि प्रयोगशाला से कंफर्म होने के बाद मौतों का आंकड़ा 100 पर बना हुआ है। ढाका ट्रिब्यून ने भी स्वास्थ्य विभाग के हवाले से बताया कि इसी 24 घंटे में देशभर में 1,043 नए संदिग्ध खसरा मामले सामने आए। इसके साथ संदिग्ध मामलों की संचयी संख्या बढ़कर 1,64,148 हो गई है। वहीं, 55 नए मामलों में खसरे की प्रयोगशाला जांच पॉजिटिव आई, जिससे पुष्ट संक्रमणों की कुल संख्या 19,696 हो गई है। डीजीएचएस के आंकड़ों के अनुसार,15 मार्च 2026 से अब तक 1,44,168 संदिग्ध खसरा मरीजों को अस्पतालों में भर्ती कराया जा चुका है। इनमें से 1,38,772 मरीज स्वस्थ होकर अस्पतालों से छुट्टी पा चुके हैं। ताजा आंकड़े ऐसे समय सामने आए हैं जब बांग्लादेश कई महीनों से खसरे के गंभीर प्रकोप से जूझ रहा है। लगातार सामने आ रहे नए संदिग्ध मामलों और बच्चों की मौतों ने देश की सार्वजनिक स्वास्थ्य व्यवस्था पर दबाव बढ़ा दिया है। डीजीएचएस के ताजा आंकड़े यह भी दिखाते हैं कि संक्रमण का दायरा अभी कम नहीं हुआ है। रविवार को दर्ज किए गए नए मामलों और मौतों के साथ खसरे से संबंधित कुल मौतों का आंकड़ा 1,000 के बेहद करीब पहुंच गया है।

# विपक्ष 'नाराज फूफा' की भूमिका में, भारत का विकास रोक नहीं पाएगाः नितिन नवीन

डेली आवाज भारती



**नई दिल्ली।** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के %नाराज फूफा% वाले बयान का समर्थन करते हुए विपक्ष पर तीखा निशाना साधा। उन्होंने कहा कि विपक्ष देश के विकास, विरासत और संस्कृति से जुड़ी हर उपलब्धि पर नाराजगी जताता है, लेकिन उसकी नाराजगी के बावजूद विकसित भारत का संकल्प पूरा होकर रहेगा। नितिन नवीन ने रविवार को इंस्टाग्राम पर शेयर किए गए एक वीडियो में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को श्रीराम कॉलेज ऑफ कॉमर्स (एसआरसीसी) के शताब्दी समारोह में युवाओं को संबोधित करते हुए विपक्ष की तुलना %नाराज फूफा% से की थी। उन्होंने कहा कि परिवार और समाज में कुछ ऐसे लोग होते हैं जो हर बात से असंतुष्ट रहते हैं और कभी संतुष्ट नहीं हो सकते। प्रधानमंत्री ने ऐसे ही लोगों के लिए %नाराज फूफा% शब्द का इस्तेमाल किया। भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि वह विपक्ष से पूछना चाहते हैं कि भारत विकास कर रहा है तो उन्हें नाराजगी होती है। कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाकर लाल चौक पर तिरंगा फहराया गया तो भी विपक्ष नाराज हुआ। नक्सलवाद जड़ों से समाप्त होने की दिशा में बढ़ रहा है, तब भी विपक्ष खुश नहीं है। उन्होंने दावा किया कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में 25 करोड़ लोगों को गरीबी रेखा से बाहर निकालने का काम हुआ, लेकिन विपक्ष इस उपलब्धि पर भी सवाल उठाता है। उनके मुताबिक विपक्ष भारत की प्रगति, विरासत और संस्कृति को आगे बढ़ते हुए देख नहीं पाता क्योंकि वह निजी स्वार्थ और राजनीतिक प्रतिष्ठा तक सीमित है। नितिन नवीन ने कहा कि आज विपक्ष की स्थिति उसी %नाराज फूफा% जैसी हो गई है, जो हर बात का विरोध करता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी का %विकसित भारत 2047% का विजन 140 करोड़ देशवासियों का संकल्प है और विपक्ष के विरोध या नाराजगी के बावजूद देश का विकास रुकने वाला नहीं है। उन्होंने कहा कि भाजपा और देशवासी मिलकर विकसित भारत के लक्ष्य को पूरा करने के लिए निरंतर काम करते रहेंगे।

# दिल्ली में इमारत गिरीः कांग्रेस सांसद राहुल गांधी समेत कई नेताओं ने घटना पर जताया दुख

डेली आवाज भारती



**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली के सत्य निकेतन इलाके में गिरी कई मंजिला इमारत से एक व्यक्ति की मौत हो गई और छह लोगों को अब तक बचाया जा चुका है। लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी समेत कांग्रेस के कई नेताओं ने इस घटना पर दुख जताया है। राहुल गांधी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में लिखा कि दिल्ली के सत्य निकेतन में इमारत ढहने की खबर बेहद दर्दनाक और चिंताजनक है। कई लोगों के मलबे में दबे होने की खबर है, जिनमें दिल्ली यूनिवर्सिटी के कई छात्र भी शामिल हैं। मेरी अपील है कि एनडीआरएफ, दिल्ली फायर सर्विस और सभी बचाव दल हर संभव प्रयास करके हर एक छात्र तक पहुंचें, घायलों को तुरंत सर्वोत्तम संभव इलाज मिले, ताकि किसी को भी बचाने में कोई कसर न छोड़ी जाए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और एनएसयूआई कार्यकर्ता मौके पर मौजूद हैं और हर संभव मदद के लिए तैयार हैं। इस मुश्किल घड़ी में हम सभी पीड़ितों और उनके परिवारों के साथ खड़े हैं। उन्होंने कहा कि छात्रों का जीवन पहले ही संघर्षों से भरा था, अब हालात जानलेवा हैं। कॉलेज या विश्वविद्यालय में अच्छे हॉस्टल न होने के कारण छात्र पीजी में एक छत के नीचे 40-40 की संख्या में अमानवीय परिस्थितियों में रहने को मजबूर हैं। हर छात्र की जान कीमती है और उसकी रक्षा हर हाल में होनी चाहिए। कांग्रेस सांसद अभिषेक मनु सिंघवी ने कहा कि सत्य निकेतन में इमारत गिरने की दुखद घटना, बिल्डिंग सेफ्टी ऑडिट और दिल्ली में भाजपा सरकार की प्रशासनिक जवाबदेही पर गंभीर सवाल खड़े करती है। जब राजधानी में हजारों छात्र पीजी और किराए के मकानों में रहते हैं, तो क्या सरकार ने समय पर स्ट्रक्चरल सेफ्टी ऑडिट किया है? क्या असुरक्षित इमारतों की पहचान की गई और सुधारात्मक कदम उठाए गए? उन्होंने कहा कि बस एक दिन पहले, प्रधानमंत्री मोदी डीयू के एसआरसीसी में एक खास कार्यक्रम में शामिल हुए थे, जहां उन्होंने यूनिवर्सिटी और उसके छात्रों की तारीफ की थी। आज, साउथ कैंपस के सत्य निकेतन में, डीयू के छात्र एक असुरक्षित पीजी बिल्डिंग के मलबे में फंसे हुए हैं। अगर पीएम सच में खुद को डीयू का छात्र मानते हैं, तो शायद उन्हें यह पूछना चाहिए कि बिल्डिंग की सुरक्षा जांच उन छात्रों की सुरक्षा क्यों नहीं कर पाई, जिन्हें सरकार की सुरक्षा की सबसे ज्यादा जरूरत है।

# तेज रफ्तार डंपर की चपेट में आने से बाइक सवार महिला की मौत

## झालामंड हादसे के बाद डंपर फूंकने और रास्ता जाम करने के आरोप में 12 से अधिक लोगों पर केस



डेली आवाज भारती

**जोधपुर।** झालामंड चौराहे पर शुक्रवार देर शाम हुए सड़क हादसे के बाद हादसे का गुस्सा कानून हाथ में लेने तक पहुंच गया। तेज रफ्तार डंपर की चपेट में आने से बाइक सवार महिला की मौत और उसके पति के गंभीर घायल होने के बाद मौके पर जमा भीड़ ने डंपर को आग लगा दी। ड्राइवर को बाहर निकालकर उसके साथ मारपीट की गई और रास्ता जाम कर दिया गया। पुलिस के पहुंचने के बाद स्थिति संभाली जा सकी। अब कुड़ी थाना पुलिस ने रास्ता जाम करने, डंपर जलाने और पुलिस के राजकार्य में बाधा डालने के आरोप में एक दर्जन से ज्यादा लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है। थाने के सब इंस्पेक्टर सहदेव की ओर से दर्ज रिपोर्ट में मो. सदीक, गोविंद, श्रवणराम, फूलचंद, बद्री नागौरी, मदन, रमेश, जसवंत, चेतनराम, बाबू और गोरधन सहित अन्य को नामजद किया गया है। पुलिस ने घटना के बाद मो. सदीक, श्रवणराम, जसवंत और गोविंद को शांतिभंग के आरोप में गिरफ्तार किया है। हालांकि राजकार्य में बाधा के दर्ज प्रकरण में अभी किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है। पुलिस मामले की आगे जांच कर रही है।

## दलीप ट्रॉफी फाइनलः कप्तान ईशान किशन ने जड़ा नाबाद शतक, पहले दिन मजबूत स्थिति में ईस्ट जोन

**चेन्नई।** ईस्ट जोन ने एमए चिदंबरम स्टेडियम में जारी दलीप ट्रॉफी 2026 के फाइनल मुकाबले में शानदार शुरुआत की। इस टीम ने पहले दिन (रविवार) के खेल की समाप्ति तक 4 विकेट खोकर 385 रन बना लिए हैं। टॉस जीतकर बल्लेबाजी के लिए उतरी ईस्ट जोन को सलामी बल्लेबाजों ने शानदार शुरुआत दिलाई। वैभव सूर्यवंशी ने अभिमन्यु ईश्वरन के साथ पहले विकेट के लिए 88 गेंदों में 100 रन की साझेदारी की। वैभव 37 गेंदों में 44 रन बनाकर आउट हुए। उनकी इस पारी में 1 छक्का और 5 चौके शामिल रहे। इसके बाद ईश्वरन ने शिखर मोहन के साथ दूसरे विकेट के लिए 33 रन जोड़कर टीम को मजबूत स्थिति तक पहुंचाया। ईश्वरन 86 गेंदों में 1 छक्के और 10 चौकों के साथ 72 रन बनाकर आउट हुए।

टीम को 147 के स्कोर पर तीसरा झटका लग गया, जब सुदीप कुमार (6) अपना कैच मिलिंद को थमाकर पवेलियन लौट गए। इसके बाद कप्तान ईशान किशन ने मोर्चा संभाला। उन्होंने शिखर मोहन के साथ चौथे विकेट के लिए 94 रन जुटाकर टीम को 200 के पार पहुंचा दिया। शिखर ने 3 छक्कों और 9 चौकों के साथ 85 रन बनाए। इसके बाद ईशान ने कुमार कुशाग्र के साथ पांचवें विकेट के लिए 144 रन की अटूट साझेदारी करते हुए टीम को 385 के स्कोर तक पहुंचा दिया।

# मोती डूंगरी गणेश जन्मोत्सव 14 सितंबर को, 7 से 15 सितंबर तक होंगे विविध धार्मिक आयोजन

## कलश यात्रा से होगा महोत्सव का शुभारंभ, 15 सितंबर को निकलेगी भव्य शोभायात्रा

डेली आवाज भारती



**जयपुर।** राजधानी जयपुर के प्रसिद्ध मोती डूंगरी गणेश मंदिर में भगवान श्रीगणेशजी महाराज का जन्मोत्सव इस वर्ष गणेश चतुर्थी के पावन अवसर पर 14 सितंबर 2026, सोमवार को श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जाएगा। गणेश जन्मोत्सव को लेकर मंदिर प्रन्यास की ओर से व्यापक तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। जन्मोत्सव महोत्सव का आयोजन 7 सितंबर से शुरू होकर 15 सितंबर तक चलेगा। इस दौरान मंदिर परिसर में प्रतिदिन विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान, विशेष झांकियां, अभिषेक, भोग, पूजन और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। जन्मोत्सव महोत्सव के कार्यक्रमों की जानकारी मंदिर प्रन्यास, मंदिर श्री गणेशजी, मोती डूंगरी की ओर से आयोजित पत्रकार वार्ता में दी गई। गणेश जन्मोत्सव महोत्सव की शुरुआत 7 सितंबर, सोमवार को सुबह 9 बजे कलश यात्रा एवं जलाभिषेक के साथ होगी। धार्मिक परंपराओं के अनुसार कलश यात्रा के बाद भगवान श्रीगणेशजी महाराज का जलाभिषेक किया जाएगा। इसके साथ ही मंदिर में नौ दिवसीय जन्मोत्सव कार्यक्रमों का विधिवत शुभारंभ होगा। महोत्सव के दौरान मंदिर में भगवान गणेशजी के विभिन्न स्वरूपों और भोगों पर आधारित आकर्षक झांकियां सजाई जाएंगी, जिन्हें देखने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की उम्मीद है।

8 सितंबर, मंगलवार को पुष्य नक्षत्र के अवसर पर सुबह 8 बजे भगवान श्रीगणेशजी महाराज का पंचामृत अभिषेक किया जाएगा। इस दिन शाम 6 बजे विशेष केले की झांकी सजाई जाएगी। इसके साथ ही ध्रुपद गायन की प्रस्तुति होगी और छप्पन भोग की झांकी भी श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रहेगी। मंदिर में होने वाले धार्मिक अनुष्ठानों के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया जाएगा।

9 सितंबर, बुधवार को सुबह 5 बजे मोदकों की विशेष झांकी सजाई जाएगी। भगवान गणेशजी को मोदक प्रिय होने के कारण इस झांकी का विशेष धार्मिक महत्व रहेगा। शाम 6 बजे सुगम संगीत का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इसके बाद 10 सितंबर, गुरुवार को भगवान श्री के फलों की झांकी सजाई जाएगी। शाम 6 बजे कथक नृत्य की प्रस्तुति होगी, जिसमें कलाकार अपनी कला के माध्यम से भगवान श्रीगणेश की आराधना करेंगे। 11 सितंबर, शुक्रवार को भगवान श्रीगणेशजी के लिए सब्जियों की विशेष झांकी सजाई जाएगी। शाम 6 बजे कथक नृत्य का आयोजन होगा। वहीं 12 सितंबर, शनिवार को भगवान श्री के फूलों की झांकी सजाई जाएगी और शाम 6 बजे कथक नृत्य की प्रस्तुति होगी। लगातार आयोजित होने वाली इन विशेष झांकियों और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के चलते जन्मोत्सव के दौरान मोती डूंगरी मंदिर में धार्मिक एवं सांस्कृतिक वातावरण बना रहेगा।

13 सितंबर, रविवार को गणेश जन्मोत्सव से एक दिन पहले मेहंदी पूजन एवं सिंजारा कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। यह कार्यक्रम शाम 6ः30 बजे होगा। इस अवसर पर गणपति महाराज का विशेष श्रृंगार किया जाएगा। सिंजारे के मौके पर भगवान श्रीगणेशजी महाराज चांदी के सिंहासन पर विराजमान होंगे और स्वर्ण मुकुट धारण करेंगे। भगवान के इस विशेष स्वरूप के दर्शन श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रहेंगे।

CMYK